Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ●Saturday, 17January 2026 ●Year : 05 ●Issue : 05 ●Ranchi Edition ●Page : 12 ●Price : ₹3 ●www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

रूप-राशि पर गर्व न करना, जीवन ही नश्वर है। छवि के इसी शुभ्र उपवन में सर्वनाश का घर है।

-रामधारी सिंह 'दिनकर'

Suhana Khan Says She'd Rather Be Interesting Than...

SHARE

सेंसेक्स	:	83,570.35
निफ्टी	:	25,694.35

SARAFA

सोना	:	13,345.00
चांदी	:	310.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

हजयात्रा के लिए पंजीकरण की बढ़ी अंतिम तिथि

NEW DELHI : हजयात्रा संबंधी प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 जनवरी कर दी गई है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने साफ किया है कि इसके बाद कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हज यात्रियों से हज बुकिंग और अन्य कागजी प्रक्रिया 25 जनवरी 2026 तक पूरा कर लेने का अनुरोध किया है। हज यात्रियों को अपना वैध पासपोर्ट अपने चुने हुए एचजीओ (हज ग्रुप ऑर्गनाइजर) या संबंधित कार्यालय में जमा करने, नुसुक पोर्टल पर अपना पंजीकरण विवरण दर्ज करने को कहा गया है।

महिला ने बेटा-बेटी को जहर देकर खुद भी खाया, तीनों की मौत

SAHARANPUR : उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के गागलहेड़ी थानाक्षेत्र में एक महिला मनीता ने कथित रूप से घरेलू विवाद के चलते अपनी छह वर्षीय बेटी नित्या और चार वर्षीय बेटे कार्तिकेय को जहर देने के बाद फिर खुद भी विष खा लिया, जिससे तीनों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मृत महिला के मायके वालों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि ससुराल में उनकी बेटी का सास-ससुर, जेठ और जेठानी उत्पीड़न करते थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वेनेजुएला की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता ने ट्रंप को भेंट किया पदक

WASHINGTON : वेनेजुएला में विपक्ष की नेता मारिया कोरिना मचाडो ने कहा कि उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपना नोबेल शांति पुरस्कार पदक भेंट किया। मचाडो ने इससे पहले कई मौकों पर कहा था कि वह अपना नोबेल पुरस्कार ट्रंप को दे देंगी। उन्होंने 'व्हाइट हाउस' में अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय में हुई, जब अमेरिका ने कुछ दिन पहले ही वेनेजुएला में सैन्य हमला कर उसके नेता निकोलस मादुरो को पकड़ने की कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर जारी एक तस्वीर में मचाडो 'ओवल ऑफिस' (राष्ट्रपति का कार्यालय) में ट्रंप के साथ खड़ी नजर आ रही हैं और ट्रंप के हाथ में नोबेल शांति पुरस्कार पदक है।

अब वैश्विक नेतृत्व पर ध्यान केंद्रित करें भारतीय स्टार्टअप : पीएम मोदी

NEW DELHI @ PTI : शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय स्टार्टअप से विनिर्माण, गहन प्रौद्योगिकी और वैश्विक नेतृत्व पर अधिक ध्यान देने का आह्वान करते हुए कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया' का अगला दशक भारत को नवाचार के वैश्विक अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा करने वाला होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने 'स्टार्टअप इंडिया' पहल की 10वीं वर्षगांठ पर भारत मंडपम' में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्टार्टअप भारत के आर्थिक और प्रौद्योगिकी भविष्य को आकार देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप इंडिया पहल को एक क्रांति करार देते हुए कहा कि 2014 में जहां देश में 500 से भी कम स्टार्टअप थे, वहीं आज यह संख्या दो लाख से अधिक हो चुकी है। इनमें से करीब 125 स्टार्टअप एक अरब डॉलर या उससे अधिक मूल्यांकन के साथ 'यूनिकॉर्न' दर्जा हासिल कर चुके हैं। मोदी ने कहा कि इसके साथ ही भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जोखिम लेने की प्रवृत्ति को पहले हतोत्साहित किया जाता था, लेकिन अब वह मुख्यधारा में आ गई है और स्टार्टअप रोजगार सृजन, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने स्टार्टअप संस्थापकों एवं उद्यमियों से कहा, सरकार आपके हर प्रयास में आपके साथ है। मुझे आपकी क्षमता पर पूरा भरोसा है। आपका साहस, आत्मविश्वास और नवाचार भारत के भविष्य को आकार दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों ने भारत की उद्यमशील क्षमताओं को साबित किया है और अब लक्ष्य यह होना चाहिए कि अगले दशक में भारत नए स्टार्टअप रुझानों और प्रौद्योगिकियों में विश्व का नेतृत्व करे।

- नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित
- आर्थिक और प्रौद्योगिकी भविष्य को आकार देने में अहम भूमिका निभा रहे स्टार्टअप
- दो लाख में करीब 125 स्टार्टअप एक अरब डॉलर या उससे अधिक मूल्यांकन के साथ हासिल कर चुके यूनिकॉर्न का दर्जा

महिलाओं की भूमिका अहम

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया' की रफ्तार लगातार तेज हो रही है। कई यूनिकॉर्न कंपनियां अब अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लेकर आ रही हैं और बड़े पैमाने पर रोजगार भी सृजित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मझोले और छोटे शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी स्टार्टअप शुरू कर रहे हैं, जो देश में उद्यमिता के विस्तार को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज 45 प्रतिशत से अधिक मान्यता-प्राप्त स्टार्टअप में महिला निदेशक या भागीदार हैं। इसके अलावा महिलाओं की अगुवाई वाले स्टार्टअप को मिलने वाले वित्तपोषण के मामले में भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा परिवेश बन चुका है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने रक्षा विनिर्माण, अंतरिक्ष और ड्रोन जैसे क्षेत्रों का भी उल्लेख किया, जहां नीतिगत सुधारों और नवाचार पर भरोसे ने स्टार्टअप के लिए नए अवसर खोले हैं।

साल 2016 में शुरू हुआ था मिशन : बता दें कि 'स्टार्टअप इंडिया' मिशन की शुरूआत 16 जनवरी, 2016 को हुई थी। इसका उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, उद्यमिता को प्रोत्साहित करना और रोजगार देने वालों की नई पीढ़ी तैयार करना है। कृत्रिम मेधा (एआई) पर सरकार की पहल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो देश एआई क्रांति में आगे रहेगा, उसे उतना ही अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इंडिया एआई मिशन के तहत एआई विकास से जुड़ी उच्च कंप्यूटिंग लागत की चुनौती से निपटने के लिए 38,000 से अधिक जीपीयू जोड़े गए हैं।

परिश्रम के साथ साहस और जोखिम उठाने की क्षमता

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय प्रतिभाओं द्वारा भारतीय सर्वरों पर स्वदेशी एआई के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है। इसी तरह सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, बीते दशक में डिजिटल और सेवा क्षेत्र के स्टार्टअप में अच्छा काम हुआ है।

पेयजल घोटाला : झारखंड हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द करने का दिया आदेश

ईडी के अधिकारियों के खिलाफ जांच नहीं करेगी रांची पुलिस

15 जनवरी को ऑफिस पहुंची पुलिस, दो अधिकारियों से की थी पूछताछ

जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में हुई मामले की सुनवाई

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट ने रांची पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट यानी प्रवर्तन निदेशालय की याचिका (ईडी) पर सुनवाई की। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी ने पेयजल घोटाले में संतोष कुमार द्वारा एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई एफआईआर के आधार पर ईडी अधिकारियों के खिलाफ पुलिस जांच पर रोक लगा दी। प्राथमिति को रद्द करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी ने इस मामले में केंद्रीय गृह सचिव को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया। साथ ही ईडी कार्यालय की सुरक्षा सीआईएफ या बीएसएफ किसी अर्धसैनिक बल को सौंपने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन को भी ईडी कार्यालय की उचित सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि यदि ईडी कार्यालय और उसके अधिकारियों की सुरक्षा में कोई चूक होती है, तो इसके लिए रांची के एसएसपी सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। मामले में अगली सुनवाई 9 फरवरी को होगी।

- संतोष कुमार ने एयरपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी मारपीट की प्राथमिकी
- केंद्रीय गृह सचिव को पक्षकार बनाने का दिया गया निर्देश
- ईडी कार्यालय की सुरक्षा सीआईएफ या बीएसएफ को सौंपने का मिला ऑर्डर
- एसएसपी को भी ईडी कार्यालय की सुनिश्चित करनी होगी उचित सुरक्षा, 9 फरवरी को अगली हियरिंग

घोटाले की जांच को प्रभावित करने का दबाव

आज की सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत को अवगत कराया कि पेयजल घोटाले की जांच के दौरान कई बड़े अधिकारियों की संलिप्तता से जुड़े अहम साक्ष्य सामने आए हैं। ईडी का आरोप है कि संतोष कुमार की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी का उद्देश्य घोटाले की जांच को प्रभावित करना और दबाव बनाना है।

12 जनवरी को दर्ज कराई गई थी एफआईआर

गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दो अधिकारियों पर मारपीट के आरोपों की जांच करने रांची पुलिस की टीम गुरुवार सुबह ईडी ऑफिस पहुंची थी। सदर और सिटी डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ईडी के सहायक निदेशक प्रतीक और सहायक शुभम से पूछताछ की थे। ई-साक्ष्य एकत्र किए थे। जांच एजेंसी के दोनों अधिकारियों के खिलाफ पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना (डोरंडा) के क्लर्क संतोष कुमार ने 12 जनवरी को एयरपोर्ट थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले को लेकर ईडी ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसमें पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की गई है।

स्विट्जरलैंड में भारत के राजदूत मृदुल कुमार से मिले सीएम हेमंत

PHOTON NEWS RANCHI : स्विट्जरलैंड में भारत के राजदूत मृदुल कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में मुलाकात की। मुख्यमंत्री को उन्होंने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बता दें कि झारखंड राज्य के 25 वर्ष पूरे होने के बाद यह पहला आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल है जो दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भाग ले रहा है। दावोस में झारखंड की भागीदारी 'प्रकृति के साथ सामंजस्य में विकास' विषय पर आधारित है, जो वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सतत विकास, विश्वास और दीर्घकालिक आर्थिक परिवर्तन पर केंद्रित उद्देश्य से मेल खाता है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम और यूके की यात्रा के क्रम में विश्व स्तर पर ऊर्जा क्षेत्र के अग्रणी निवेशकों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं और ऊर्जा के क्षेत्र में नीति-निर्माण करने वाले संस्थानों के साथ झारखंड राज्य का संवाद कायम होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल प्राकृतिक स्रोतों से बनाई जाने वाली ऊर्जा, ग्रिड आधुनिकीकरण, ऊर्जा भंडारण, स्वच्छ ईंधन और औद्योगिक डीकाबोर्नाइजेशन से जुड़े निवेश अवसरों को रेखांकित करेगा। दावोस और यूनाइटेड किंगडम में अपनी सहभागिता के माध्यम से झारखंड एक मॉडल प्रस्तुत कर रहा है जो विश्वसनीय, समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक है।

झारखंड में प्राकृतिक स्रोतों से उत्पादित की जाने वाली ऊर्जा की व्यापक संभावना है। यहां के प्रचुर प्राकृतिक संसाधन राज्य को एनर्जी ट्रांजिशन की दिशा में अग्रणी बनाएंगे। प्रतिनिधिमंडल बताएगा कि भारत ने जो नेट-जीरो टारगेट और ग्रीन इकोनॉमी की दिशा में दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाने का जो संकल्प लिया है उसे झारखंड दोहराएगा। झारखण्ड ह्लप्रकृति के साथ सामंजस्य में विकासह्व की बात को अपने इस पहल से पुख्ता भी करेगा। यह दृष्टिकोण न सिर्फ भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं में झारखंड की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित करता है, बल्कि एक टिकाऊ वैश्विक भविष्य के प्रति राज्य की जिम्मेदारी को भी दर्शाता है।

- ग्रीन इकोनॉमी की दिशा में दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाने को झारखंड तैयार
- भविष्य के ऊर्जा स्रोतों को अपनाने के लिए अग्रसर है राज्य

विजन 2050 के अनुरूप आगे बढ़ रहा प्रदेश

युवा झारखंड विजन 2050 के लक्ष्य को साधने के लिए राज्य के समृद्ध विरासत के साथ तेजी से बदलते वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के अनुरूप स्वयं को ढाल रहा है। जैसे-जैसे विश्व स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों की ओर अग्रसर हो रहा है, वैसे-वैसे झारखंड एक संतुलित मार्ग अपना रहा है। एक ऐसा मार्ग जो ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और रोजगार सृजन को सुनिश्चित करते हुए नवीकरणीय एवं कम-कार्बन ऊर्जा के विस्तार को बढ़ावा देता है। झारखंड सरकार का मानना है कि प्राकृतिक संसाधनों से उत्पादित ऊर्जा न्यायसंगत और समावेशी होनी चाहिए।

झारखंड पुलिस के 26 डीएसपी की सेवा संपुष्ट, गृह विभाग का नोटिफिकेशन जारी

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के मामले में एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। विभाग की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, झारखंड राज्य पुलिस सेवा के 26 परीक्ष्यमान डीएसपी की सेवा को 25 जुलाई 2025 की तिथि से आधिकारिक रूप से संपुष्ट कर दिया गया है। यह निर्णय झारखंड राज्य पुलिस सेवा नियमावली, 2012 के प्रावधानों के तहत लिया गया है।

- राज्य पुलिस सेवा नियमावली 2012 के प्रावधानों के तहत लिया गया निर्णय
- 25 जुलाई 2025 की तिथि से आधिकारिक रूप से सेवा की मानी जाएगी संपुष्टि

लिस्ट में शामिल हैं ये अधिकारी दिवाकर कुमार, दूसरु बाण सिंह, विनीत कुमार किंडो, चिरंजीव मंडल, रोहित साव, अकरम रजा, प्रशांत कुमार-2, अमरेंद्र कुमार, अर्चना स्मृति खलखो, प्रदीप कुमार-3, सुनील कुमार सिंह, पूजा कुमारी, कैलाश प्रसाद महतो, नीलम कुजूर, प्रदीप साव, पूजा कुमारी (अन्य), राजीव रंजन, राजेश यादव, कुमार विनोद, प्रदीप कुमार-2, रामप्रवेश कुमार, प्रशांत कुमार-1, चंद्रशेखर, अजय आर्यन, आकाश भारद्वाज व अमित रविदास।

कोर्ट ने दिया था सरेंडर का ऑर्डर शराब घोटाले का आरोपी नवीन फरार

- 8 जनवरी को एसीबी ने गोवा के एक स्पा सेंटर से किया था गिरफ्तार
- 5 दिनों की ट्रांजिट बेल के बाद करना था सरेंडर

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो यानी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा गिरफ्तार किए गए नवीन केडिया ने अपनी ट्रांजिट बेल की शर्तों को दरकिनार कर कोर्ट के आदेश को ना मानते हुए फरार हो गया। गौरतलब है कि नवीन केडिया को एसीबी ने 8 जनवरी 2026 को गोवा के एक स्पा सेंटर से पकड़ा था। गिरफ्तारी के बाद उसे पणजी (गोवा) की अदालत में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने उसे 5 दिनों की ट्रांजिट बेल दी है, ताकि वह छत्तीसगढ़ वापस जा सके और उसके बाद रांची में एसीबी के समक्ष सरेंडर कर सके। लेकिन, वह तय तिथि बीत जाने के बाद भी एसीबी के सामने उपस्थित नहीं हुआ, जिसके बाद अब एसीबी ने नवीन केडिया की गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू कर दिया है।

बड़ी मुहिम सैन्य कूटनीति का विस्तार करने में जुट चुकी हैं तीनों सेनाएं

दुनिया के कई देशों में भारतीय डिफेंस विंग खुलने का रास्ता साफ

PHOTON NEWS, RESEARCH DESK : आज की दुनिया में देशों के बीच में राजनयिक संबंधों के नए-नए आयाम उभर कर सामने आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में हर स्तर पर भारत नए सिरे से पहल करते हुए आगे बढ़ रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बदलते भू-रणनीतिक हालात में सैन्य कूटनीति का बढ़ता महत्व कई अर्थों में और बढ़ गया है। इसे देखते हुए भारत ने दुनिया भर में अपने डिफेंस विंग की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है। दुनिया के सामने आज की सच्चाई यह है कि भारत अब युद्ध उपकरणों के आयातक की सीमा पार कर निर्यातक की श्रेणी में पहुंच चुका है। दर्जनों देशों में भारत में निर्मित युद्ध उपकरणों का निर्यात पिछले कुछ वर्षों में शुरू हो चुका है। मार्च 2026 तक 30 हजार करोड़ का निर्यात करने का लक्ष्य रखा गया है। सेना की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, साल 2024 तक कुल 45 देशों में भारत के डिफेंस विंग थे। साल 2025 के अंत तक यह संख्या बढ़कर 52 हो गई है। अगले 7 सालों में यानी 2032 तक 90 से ज्यादा देशों में डिफेंस विंग खोलने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि विभिन्न देशों में भारतीय दूतावासों या उच्चायोगों में खुले डिफेंस विंग में डिफेंस अताशे तैनात होते हैं, जो तीनों में से किसी भी सेना के बड़े अफसर हो सकते हैं।

युद्ध उपकरणों के आयात की स्थिति को तेजी से पार कर निर्यातक बन रहा भारत

- मानवीय सहायता, आपदा राहत और आतंकरोधी सहयोग के क्षेत्र में भी बढ़ रहा आर्मी का महत्व
- बड़े स्तर पर 30 हजार करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात का रखा गया है लक्ष्य
- साल 2024 में 45 देशों में बन चुके थे डिफेंस विंग, 2025 में 52 हो चुकी है तादाद
- अगले 7 वर्षों में 90 से अधिक देशों में डिफेंस विंग खोलने का तय किया गया है बड़ा मिशन

- भारतीय दूतावासों या उच्चायोगों में तैनात किए जाते हैं सेना के बड़े अधिकारी

विदेश नीति और रक्षा निर्णयों में मदद

इस मुहिम का उद्देश्य सैन्य गठबंधन करना नहीं है, बल्कि रक्षा सहयोग बढ़ाना है, क्योंकि युद्ध के अलावा मानवीय सहायता, आपदा राहत, शांति सेना, आतंकरोधी सहयोग जैसे क्षेत्रों में भी सेना का महत्व बढ़ रहा है। डिफेंस अताशे अपने देश की सैन्य नीतियां, दृष्टिकोण और प्राथमिकता साझा करते हैं। साझा सैन्य अभ्यासों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, रक्षा उपकरणों से जुड़े समझौतों में योगदान देते हैं। साथ ही सैन्य सुरक्षा से जुड़ी ऐसी रणनीतिक जानकारी भी जुटाते हैं, जो भारत की विदेश नीति और रक्षा निर्णयों में मदद करे।

राजनयिकों के समान विशेषाधिकार

किसी अन्य देश में तैनात ये सेना के अधिकारी राजनयिक स्तर पर अपने देश के सैन्य हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। विएना कन्वेंशन के तहत उन्हें राजनयिकों के समान विशेषाधिकार और इम्युनिटी मिलती है। आमतौर पर ब्रिगेडियर, कर्नल या उससे उच्च रैंक वाले सैन्य अधिकारी इस पद के लिए चुने जाते हैं, ताकि वे सैन्य मामलों के साथ ही कूटनीतिक मामलों को भी समझ सकें। इस मामले में अधिकारियों को पहले से प्रशिक्षण और अनुभव भी प्राप्त होता है।

सुबह में छाया रहा कोहरा, कनकनी में आई कुछ कमी

RANCHI : झारखंड में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी है। शुक्रवार को सुबह में कोहरा छाया रहा, लेकिन कनकनी में थोड़ी कमी आई। शुक्रवार को किसी भी जिले में शीतलहर चलने का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। पिछले 24 घंटे में 9 जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। 2.7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ खूंटी सबसे ठंडा जिला रहा। डाल्टनगंज न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे इलाके में हाड़ कंपाने वाली ठंड महसूस हुई। रांची मौसम विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि शनिवार से उच्चतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

20 को भाजपा को मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष, नोटिफिकेशन जारी

AGENCY NEW DELHI : 20 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। पार्टी ने इसके लिए शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी कर दिया। इसके मुताबिक 19 जनवरी को नामांकन भरा जाएगा। 20 जनवरी को नए पार्टी अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। गौरतलब है कि अभी नितिन नबीन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। पार्टी उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुन सकती है। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। तब से वे एक्सटेंशन पर थे। नड्डा अभी केंद्र में स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय रिटर्निंग ऑफिसर के. लक्ष्मण ने चुनाव का शेड्यूल जारी किया। इसके मुताबिक, पार्टी प्रमुख के चुनाव के लिए नॉमिनेशन 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच भरे जाएंगे और उम्मीदवार उसी दिन शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच अपना नॉमिनेशन वापस ले सकते हैं। लक्ष्मण ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो 20 जनवरी को वोटिंग होगी और उसी दिन नए चुने गए राष्ट्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

अभी नितिन नबीन हैं पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष

प्रेम-प्रसंग में किशोर की चाकू से गोदकर हत्या, दो घायल

मेला से लौटते समय युवकों ने घेरकर रोक दी थी बाइक

PHOTON NEWS DUMKA : दुमका जिले में प्रेम-प्रसंग से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां चाकू से किए गए हमले में एक किशोर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य किशोर और एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गए। यह वारदात रामगढ़ थाना क्षेत्र के पथरिया गांव के पास गुरुवार देर रात घटी, जिसने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। जानकारी के अनुसार, जामा थाना क्षेत्र में आयोजित तातलोई मेला देखकर लौट रहे दो किशोर डेविड और लखींद्र एक किशोरी के साथ बाइक से घर जा रहे थे। जैसे ही वे रामगढ़ थाना क्षेत्र के पथरिया के पास पहुंचे, तभी बाइक सवार तीन युवकों ने उन्हें ओवरटेक कर रोका। आरोप है कि हमलावरों ने किशोरी को जबरन बाइक से उतारने का प्रयास किया। जब डेविड और लखींद्र ने इसका विरोध

अस्पताल में इलाजरत घायल

किया, तो आरोपियों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में किशोरी समेत दोनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को देर रात फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज-अस्पताल, दुमका में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने लखींद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं, किशोरी और डेविड की हालत गंभीर बनी हुई है। उनका इलाज अस्पताल में जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर एसडीपीओ विजय कुमार महतो अस्पताल पहुंचे और घायलों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि हमला किशोरी के परिजनों द्वारा किया गया हो सकता है, हालांकि पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। रामगढ़ थाना की पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

युवक की हत्या कर जलाया शव, जांच में जुटी पुलिस

PALAMU : जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के गुरहा गांव में एक 25 वर्षीय अज्ञात युवक की हत्या करने के बाद उसका शव जला दिया गया। शुक्रवार को उसका अधजला शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार गुरहा गांव के आसपास के लोगों ने कब्रिस्तान के पीछे सुनसान इलाके में एक युवक का अधजला शव देखा। इसे लेकर बड़ी संख्या में लोग शव को देखने के लिए मौके पर पहुंचे। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पहचान कराने की कोशिश की। हालांकि शव की पहचान स्थानीय लोगों ने नहीं की, लेकिन चर्चा है कि युवक शाहपुर इलाके का रहने वाला है। युवक की हत्या किसने की और शव कैसे जलाया गया, इसके लिए पुलिस कई स्तरों पर जांच कर रही है। चैनपुर के थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। युवक की पत्थर से कुचलकर कर हत्या करने के बाद उसके शव को जलाया गया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

मेदिनीनगर में युवक को पत्थर से कूचकर मार डाला, रेलवे लाइन के किनारे मिली लाश

AGENCY PALAMU : पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर के दो नंबर टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत कांदू मुहल्ला में रेलवे लाइन किनारे शुक्रवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक की पत्थर से कूचकर हत्या कर शव को झाड़ी में फेंक दिया गया था। घटना की सूचना मिलने पर टीओपी-02 की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एमएमसीएच) में पोस्टमार्टम कराया। मृतक की पहचान लेस्लीगंज निवासी सुनील यादव के रूप में हुई है, जो कांदू मुहल्ला में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, सुबह कांदू

मुहल्ला की कुछ महिलाएं रेलवे लाइन किनारे शौच के लिए गई थीं। इसी दौरान उन्होंने झाड़ी में शव देखा और आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान का प्रयास किया गया, लेकिन प्रारंभ में पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने बताया कि शव मिलने वाले स्थान से कुछ दूरी पर गुरुवार सुबह गोली चलने की घटना हुई थी। इसके चलते स्थानीय लोगों को पहले आशंका हुई कि शव गोली चलाने वाले गोलू पासवान का हो सकता है, लेकिन बाद में यह स्पष्ट हुआ कि मृतक कोई अन्य युवक है। कुछ घंटे बाद शव की पहचान सुनील यादव के रूप में हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक स्टेशन परिसर के आसपास घूमता था और उस पर छोटी-मोटी चोरी में संलिप्त रहने की चर्चा थी। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ज्योतिलाल रजवार ने बताया कि हत्या के कारणों और आरोपितों की पहचान के लिए पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

BRIEF NEWS

स्लीपर बसों से ड्राइवर पार्टिशन डोर हटाने का आदेश

SERAIKELA : सरायकेला-खरसावां के जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने बस संचालकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। इसके तहत सभी स्लीपर बस से ड्राइवर पार्टिशन डोर तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दिया गया है। इसके अतिरिक्त, स्लीपर बर्थ में लगाए गए सभी प्रकार के स्लाइडर को भी अविलंब हटाने को कहा गया है। सभी स्लीपर बसों में फायर डिटेक्शन एंड सप्रेसन सिस्टम एक माह की अवधि के भीतर अनिवार्य रूप से स्थापित करना होगा। इसके साथ ही, प्रत्येक बस में न्यूनतम 10 किलोग्राम क्षमता का अग्निशामक यंत्र निर्धारित ग्रीन जोन में उपलब्ध रखना अनिवार्य होगा। चेसिस के अनधिकृत विस्तार के आधार पर निर्मित बस बॉडी को तत्काल प्रभाव से परिचालन से बाहर किया जाएगा। किसी भी बस का पंजीकरण केवल फॉर्म 22/22अ एवं अनुमोदित परीक्षण एजेंसी की वैध स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत ही किया जाएगा। प्रत्येक बस के पंजीकरण के लिए ले-आउट ड्राइंग संलग्न करना अनिवार्य होगा, जिसमें बस के आयाम, दरवाजों की स्थिति, आपातकालीन निकास तथा रूफ हैच का स्पष्ट विवरण अंकित हो। इसके साथ ही बस बॉडी बिल्डर की वैध मान्यता की जांच पंजीकरण के समय अनिवार्य रूप से की जाएगी। जिला परिवहन पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि बसों का परिचालन प्रावधानों के अनुरूप ही किया जाएगा। इन निदेर्शों का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दो बच्चों की बलि चढ़ाने वाले को उम्रकैद

LATEHAR : छह वर्ष पूर्व मनिका थाना क्षेत्र के सेमरहट में दो मासूम बच्चों की बलि दे दी गई थी। इस मामले में जिला कोर्ट ने शुक्रवार को सुनील उरांव को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोषी पर 9 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। वर्ष 2019 में हुई नरबलि की घटना काफी चर्चा में थी। दोनों बच्चों का सिर कटा हुआ मिला था। दोषी सुनील उरांव ने घर के आंगन में ही दोनों बच्चों का शव बालू में दबा दिया था। लगभग 10 लोगों की गवाही के बाद न्यायालय ने इस मामले में फैसला सुनाया।

रामगढ में दो ज्वेलरी दुकानों से लाखों की चोरी

RAMGARH : जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सौंदा डी पंचायत में एक ही परिवार की दो ज्वेलरी दुकानों में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने दोनों दुकानों का शटर तोड़कर लाखों रुपए के गहने और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची भुरकुंडा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर टेक्निकल टीम के सहयोग से जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सौंदा डी स्थित देवरतन ज्वेलर्स में शटर तोड़कर चोरों ने करीब 15 लाख रुपये से अधिक मूल्य के सोने-चांदी के गहने और 35 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। वहीं जीपी कैंप स्थित राजरतन ज्वेलर्स में भी शटर तोड़कर लगभग ढाई लाख रुपये के गहने चोरी होने की बात सामने आई है। शुक्रवार को लोगों ने दोनों दुकानों के शटर टूटे होने की जानकारी दुकानदारों को दी। सूचना के बाद संचालक रतनलाल प्रसाद और मनोज कुमार स्वर्णकार दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा है। इसके बाद भुरकुंडा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाना शुरू किया।

मोस्ट वांटेड हैदर अली उर्फ प्रिंस खान का वीडियो वायरल, फहीम को दी जान से मारने की धमकी

AGENCY DHANBAD : मोस्ट वांटेड अपराधी हैदर अली उर्फ प्रिंस खान का एक ताजा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कोयलांचल में हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो में प्रिंस खान सामान्य टी-शर्ट में नजर आ रहा है, जबकि वीडियो में कई अत्याधुनिक हथियार भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में वह गैंग्स ऑफ वासेपुर के सरगना फहीम खान और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देता हुआ नजर आ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब प्रिंस खान का ऐसा वीडियो सामने आया हो। इससे पहले भी उसके द्वारा धमकी भरे वीडियो वायरल होते रहे हैं। ताजा वीडियो में वह खुले तौर पर कहता नजर आ रहा है कि उसके पास हथियार मौजूद हैं और वह फहीम खान

अपराधी हैदर अली उर्फ प्रिंस खान

तथा उसके परिवार को गोली से उड़ा देने की बात कर रहा है। वीडियो में वह अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए पुलिस को भी चुनौती देता दिख रहा है।
वीडियो में प्रिंस खान यह दावा करता नजर आ रहा है कि पुलिस उसे पकड़ नहीं सकती और यदि कभी पुलिस उसे गिरफ्तार करती है तो वह खुद को गोली मार लेगा। साथ ही वह खुद को दुबई में होने का दावा करते हुए पुलिस को चुनौती देता हुआ दिखाई देता है। वायरल वीडियो को लेकर फैली चचाओं के बीच धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार ने स्थिति को स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले में पूरी गंभीरता से काम कर रही है। किसी भी तरह की अफवाह या धमकी से निपटने के लिए पुलिस 24 घंटे तत्पर है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस और जिला प्रशासन जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस तरह के वीडियो सोशल मीडिया पर आती रहती है, इसपर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत नही है, कथनी और करनी में बहुत फर्क होता है।

फर्जी बेलर पर कार्रवाई शुरू, 3400 अपराधी रडार पर

DHANBAD : फर्जी बेलर प्रस्तुत कर जमानत पर जेल से बाहर आने वाले अपराधियों की तलाश पुलिस ने शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पहले चरण में ऐसे 3400 अपराधी रडार पर आ गए हैं। एसएसपी प्रभात कुमार ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि कई अपराधी फर्जी या भाड़े के बेलर बनाकर बेल बॉन्ड भरवाते हैं और जेल से बाहर आ जाते हैं। ऐसे बेलर पैसा लेकर अपराधियों के लिए जमानतदार बनते हैं, जो कानूनन अपराध है। इस पूरे नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वर्ष 2025 तक बेल पर बाहर आए अपराधियों के मामलों की जांच की जा रही है। इसमें यह देखा जाएगा कि किन-किन लोगों ने बेलर की भूमिका निभाई। बेल किस आधार पर कराई गई और बेल बॉन्ड में कोई फजीर्वाड़ा तो नहीं हुआ।
एसएसपी ने बताया कि बैठक में पिछले पांच वर्षों के दौरान विभिन्न मामलों में शामिल अपराधियों की सूची तैयार की गई है, जिनकी संख्या करीब 3400 है। इन सभी अपराधियों के वेरिफिकेशन के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है।

शराब पार्टी के बाद युवक पर चलाई गोली, अफरा-तफरी

DHANBAD : सदर थाना क्षेत्र के झाड़ूडीह में गुरुवार की रात शराब पार्टी के बाद गोली चलने की घटना हुई। राजेश झा ने बताया कि अपार्टमेंट के फर्स्ट फ्लोर पर देवेंद्र सिंह का फ्लैट है। उसने अपार्टमेंट के पास अपने दोस्तों के साथ शराब पार्टी की थी। शराब पीने के बाद देवेंद्र सिंह उत्पात मचाते हुए तोड़फोड़ भी कर रहा था। जब उन्होंने आवाज सुनी और फ्लैट से नीचे आए तो उन्होंने देखा कि देवेंद्र सिंह उनके ड्राइवर को बंदूक की बट से पीट रहा था। जब मैंने देवेंद्र सिंह को ऐसा करने से मना किया तो उसने मेरे ऊपर ही गोली चला दी। संयोगवश गोली मेरी बायीं आंख के बगल से निकल गई। आंख के बगल में जख्म हो गया है। दूसरी ओर, इस घटना के बाद देवेंद्र सिंह फरार हो गया। राजेश झा की पत्नी कंचन झा ने

बताया कि देवेंद्र सिंह हमेशा शराब पीकर अपार्टमेंट में उपद्रव करता है। गुरुवार को रात में भी दोस्तों के साथ शराब पी और हंगामा मचाया। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि पुलिस को फायरिंग मामले की लिखित शिकायत मिली है। आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटनास्थल पर पुलिस रात में ही पहुंची थी। वहां से कारतूस और खोखा बरामद किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

खुले में मांस बेचने वालों पर लगाया गया भारी जुर्माना

RAMGARH : रामगढ़ में खुले में मांस बेचने वालों के खिलाफ एक बार फिर कार्रवाई की गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को शहर में व्यापक जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बाजार टांड़ स्थित मीट और चिकन दुकानों की जांच की गई और उनपर जुर्माना लगाया गया। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह ने बताया कि जांच के दौरान सभी दुकानें बिना भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के लाइसेंस और पंजीकरण के संचालित पाई गईं। नियमानुसार मीट और चिकन दुकानों में न तो पर्याप्त साफ-सफाई थी और न ही मांस को पर्दे से ढककर रखा गया था। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के शेड्यूल-4 के अनुरूप कोई भी मानक पूरा नहीं किया गया था। दुकानों में अत्यधिक गंदगी भी पाई गई। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित दुकानों पर जुर्माना लगाया गया है तथा सुधार के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। तेजू चिकन शॉप पर 5,000 रुपये, उपेंद्र झटका मीट दुकान पर 10,000 रुपये, मुन्नीलाल झटका मीट दुकान पर 10,000 रुपये, महतो झटका मीट दुकान पर 10,000 रुपये, अभय चिकन शॉप पर 5,000 रुपये, रघु चिकन शॉप पर 10,000 रुपये तथा रवि कुशवाहा झटका मीट दुकान पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। औचक निरीक्षण और कार्रवाई के बाद जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने दुकानदारों को खुले में मांस की बिक्री नहीं करने का निर्देश दिया। उन्होंने फल और सब्जी की दुकानों के समीप मांस की बिक्री न करने, दुकान के आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा मांस दुकानों में स्वतः बंद होने वाले दरवाजे लगाने के निर्देश दिए। साथ ही बिना पंजीकरण के दुकान संचालित नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई।

पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला में न्यायालय ने पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार, कुमारडुंगी दिकुबालकाड़ गांव के रंगामाटी गांव निवासी उपेंद्र उर्फ फूलचंद गोप ने अपनी पत्नी गांगी गोप की 26 फरवरी 2022 को हत्या कर दी थी। किस बात को लेकर हुए झगड़े में फूलचंद गोप ने तेज धारदार हथियार से पत्नी की बायीं कान के पास मारकर जख्मी कर दिया था, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। फूलचंद गोप पर कोर्ट ने 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

तस्करी के लिए ले जा रहे 48.1 किलो गांजा के साथ एक धराया

AGENCY HAZARIBAG : जिले में नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को 48.1 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इस दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि एनएच-522 स्थित सिवाने पुल के पास एक सफेद रंग की डस्टर कार में गांजा की तस्करी की जा रही है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिवाने पुल के पास सड़क किनारे खड़ी डस्टर वाहन को चिन्हित किया गया। पुलिस बल को देखकर एक व्यक्ति

पुलिस गिरफ्त में आरोपी व बरामद गांजा

वाहन छोड़कर भागने लगा, जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चंदन कुमार, ग्राम नामकुम देवी मंडप रोड, थाना नामकुम, जिला रांची के रूप में हुई है। वाहन की तलाशी के दौरान डिक्की में पारदर्शी प्लास्टिक में लिपटे 13 पैकेट गांजा, कुल वजन 48.1 किलोग्राम बरामद किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह अपने सहयोगियों के साथ मिलकर वाहन से गांजा तस्करी का कार्य करता था। इस मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध अफीम, डोडा और गांजा की तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह के अपराधों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

भागवत कथा में रसिया बाबा ने कथाओं के माध्यम से बताया जीवन का सार

PHOTON NEWS JSR: बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक रसिया बाबा ने व्यासपीठ से भागवत कथा के मंगल मय प्रसंग, महाभारत कथा, श्रृष्टि की उत्पति, कपिल देवहूति जी की कथा, सती चरित्र, शिव विवाह महोत्सव आदि का प्रसंग विस्तार से सुनाया। शरणागति परिवार, जमशेदपुर द्धारा आयोजित कथा में कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा के ये सभी प्रसंग (सृष्टि, कपिल-देवहूति, सती चरित्र, शिव विवाह, महाभारत) श्रीमद्भागवत महापुराण और अन्य शास्त्रों के अत्यंत महत्वपूर्ण और मनमोहक अंश हैं, जो जीवन, भक्ति, वैराग्य, और ईश्वर-लीला के गूढ़ रहस्यों को समझाते हैं। भागवत कथा इन सभी प्रसंगों को एक साथ जोड़कर एक मंगलमय यात्रा कराती है, जिसमें सृष्टि की

कथावाचक रसिया बाबा

उत्पत्ति (ब्रह्मा से लेकर प्रलय तक), कपिल मुनि द्वारा माता देवहूति को ज्ञान, देवी सती का आत्मदाह और शिव-विवाह का विस्तार से वर्णन होता है, जो अंततः महाभारत की ओर ले जाता है। इन कथाओं के माध्यम से उन्होंने जीवन का सार समझाया। कथावाचक ने कहा कि सती चरित्र और शिव विवाह का प्रसंग हिंदू पौराणिक कथाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें माता सती का अपने पिता प्रजापति दक्ष के यज्ञ में अपमानित होकर आत्मदाह करना और फिर पुनर्जन्म लेकर देवी पार्वती के रूप में शिव से विवाह करना वर्णित है, जो शिव-पार्वती विवाह के रूप में मनाया जाता है, जिसे महाशिवरात्रि के पर्व से भी जोड़ा जाता है। कथा में मुख्य यजमान उषा-ब्रिज मोहन बागड़ी, गरिमा-तनय झवर, सुनीता-बिमल रिंगसिया, निर्मला-अरुण धूत थे। शनिवार को तीसरे दिन ध्रुव चरित्र, पुरंजन उपाख्यान, जड़भरत चरित्र, अजामिल कथा, श्री प्रह्लाद चरित्र आदि प्रसंगों की व्याख्या सुमधुर भजनों के साथ की जाएगी।

ब्रज चौरासी कोस यात्रा : ब्रज चौरासी कोस यात्रा 22 फरवरी से 1 मार्च तक निकलेगी। पावन सानिध्य रसिया बाबा महाराज और शरणागति परिवार, वृंदावन के तत्वावधान में निकलने वाली इस कोस यात्रा से जो भक्त जुड़ना चाहते हैं, उन्हें शरणागति परिवार से इस नंबर 9837036490, 8477050001 पर संपर्क करना होगा।

आक्रोश विभिन्न संगठनों ने किया बंद का समर्थन, शाम को निकाला गया मशाल जुलूस

सोमा मुंडा की हत्या को लेकर आज झारखंड बंद का आह्वान

PHOTON NEWS KHUNTI : खूंटी के पड़हा राजा सोमा मुंडा की 7 जनवरी की शाम को हत्या कर दी गई थी। इसे लेकर 17 जनवरी को झारखंड बंद का आह्वान किया गया है। आदिवासी समन्वय समिति (खूंटी) की अगुवाई में होने वाले बंद का 30 से अधिक राजनीतिक-सामाजिक संगठनों ने समर्थन किया है। बंद समर्थकों का कहना है कि हत्याकांड के इतने दिनों बाद भी मुख्य साजिशकर्ता और शूटरों की गिरफ्तारी नहीं होने से सामाजिक संगठनों में आक्रोश बढ़ रहा है।
बंद समर्थक मांग कर रहे हैं कि हत्या में शामिल मुख्य अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए, अनावश्यक रूप से किसी निर्दोष को नहीं पकड़ा जाए, दिवंगत सोमा मुंडा के परिवार को जल्द समुचित मुआवजा दिया जाए और सोमा मुंडा द्वारा संचालित स्कूल के बच्चों को गोद लेकर सरकार

चाईबासा में मशाल जुलूस निकालकर बंद का किया आह्वान

CHAIBASA : पड़हा राजा सोमा मुंडा हत्याकांड को लेकर शुक्रवार को चाईबासा में पोस्ट ऑफिस चौक पर मशाल जुलूस निकाला गया। इसमें आदिवासी मुंडा समाज, आदिवासी एकता मंच, आदिवासी स्वशासन एकता मंच, आदिवासी हो महासभा के सदस्य व समर्थक शामिल थे। इस मौके पर मानकी मुंडा समिति के महासचिव चंदन होनहागा ने कहा कि कहा कि पुलिस निर्दोष ग्रामीणों को परेशान करने के बजाय असली दोषियों को गिरफ्तार करे। उन्होंने दावा किया कि झारखंड बंद को एक दर्जन से अधिक आदिवासी संगठनों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने बताया कि 7 जनवरी को पड़हा राजा सोमा मुंडा को भू माफिया ने एक साजिश के

मशाल जलाकर बंद का आह्वान करते आदिवासी

तहत उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि सरकार पारंपरिक व्यवस्था को जोड़े रखने वाले को पूरा सुरक्षा प्रदान करे, ताकि क्षेत्र में व्यवस्था बनी रहे। हत्या के बाद समाज के लोगों ने प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन अब तक की गई पुलिस की कार्रवाई से कोई भी संतुष्ट नहीं है। जब तक मुख्य आरोपी सहित अन्य अपराधियों को पकड़कर फांसी नहीं दी जाती, तब तक विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इसी वजह से 17 जनवरी को झारखंड बंद का आह्वान किया गया है।

उनकी शिक्षा जारी रखे। इसे लेकर शुक्रवार शाम को खूंटी में मशाल जुलूस निकाला गया, जो भगत सिंह चौक से नेताजी चौक तक गया। इसमें आदिवासी समन्वय समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रभात मुंडा, संयोजक महादेव मुंडा, दुर्गावती ओड़ेया, जॉनसन होरो, चार्ल्स पाहन, बाहा लिंडा समेत आदिवासी संगठनों के लोग शामिल थे।

झापीपा ने रखी सीबीआई जांच की मांग : आजसू के संस्थापक व झारखंड पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष-सहः घाटशिला के पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पाड़हा राजा शहीद सोमा मुंडा की हत्याकांड के खिलाफ 17 जनवरी को संपूर्ण झारखंड बंद उचित है। बेसरा ने कहा कि सोमा मुंडा की हत्या एक सुनियोजित राजनीतिक साज़िश के तहत हुई है, इसलिए इसकी जांच सीबीआई से करानी चाहिए। सोमा मुंडा साधारण व्यक्ति नहीं थे, वे पड़हा राजा थे। जल, जंगल और जमीन के प्रहरी ही नहीं, बल्कि रक्षक थे। वे झारखंड आंदोलनकारी के साथ साथ धरतीआबा बिरसा मुंडा के अनुयायी भी थे। वे भूमि माफियाओं के खिलाफ निरंतर संघर्ष कर रहे थे। पड़हा राजा शहीद सोमा मुंडा वर्तमान झारखंड राज्य पंचायत अधिनियम 2001 एवं हेमंत सरकार द्वारा अधिसूचित पेसा कानून-1996 की मूल आत्मा के विपरीत नियमावली के खिलाफ थे।

BRIEF NEWS

तीरंदाजी में झारखंड की प्रिया बनी चैंपियन

RANCHI : मणिपुर के खुमान लम्पक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 14 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता (एसजीएफआई) में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है। इस प्रतियोगिता में झारखंड की तीरंदाजी और वुशु टीम स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की अगुवाई में भाग लेने गई है। वहीं शुक्रवार को आयोजित तीसरे दिन की तीरंदाजी प्रतियोगिता में इंडियन इंडिविजुअल राउंड (ओलंपिक राउंड) 40 मीटर, अंडर-19 बालिका वर्ग में झारखंड की प्रिया माहाली ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

हटिया स्टेशन से 16 किलो गांजा बरामद दो गिरफ्तार

RANCHI : रेल सुरक्षा बल पोस्ट हटिया और फ्लाइंग टीम रांची ने ऑपरेशन नार्कोस के तहत मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। कमांडेंट आरपीएफ रांची मंडल पवन कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के दौरान हटिया रेलवे स्टेशन से 16 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 8 लाख रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई 15 जनवरी को की गई थी। ट्रेन संख्या 18452 पुरी हटिया एक्सप्रेस के आने के बाद प्लेटफॉर्म संख्या-1 स्थित पार्सल कार्यालय के पास दो युवक पिट्ठू बैग के साथ संदिग्ध स्थिति में बैठे पाए गए। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम मंटू मलिक उर्फ मनोरंजन मलिक संबलपुर ओडिशा और आलोक डिगल कंधमाल ओडिशा बताया। पूछताछ के दौरान दोनों ने बैग में गांजा होने की बात स्वीकार की।

6 फरवरी से शुरू होगी मदरा मुंडा फुटबॉल चैंपियन ट्रॉफी

KANKE : शुक्रवार को कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा की अध्यक्षता में महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम रेंडो पतरातू कांके में छठा महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल चैंपियन ट्रॉफी को लेकर बैठक हुई। मुंडा ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल चैंपियन ट्रॉफी का भव्य आयोजन होते आ रहा है। इस वर्ष भी टूनार्मेंट का आयोजन 6 फरवरी को उद्घाटन एवं 14 फरवरी को फाइनल मैच खेला जाएगा। टूनार्मेंट मे भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क एक्कीस हजार रुपये रखा गया है। प्रथम पुरस्कार के रूप मे तीन लाख रुपये एवं बड़ा ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार दो लाख रुपये एवं छोटा ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार पचास हजार रुपये, एवं चतुर्थ पुरस्कार भी पचास हजार रुपये रखा गया है।

आरपीएफ ने लोगों की अमानत लौटने में लगातार दिखाई तत्परता

VIVEK SHARMA, RANCHI : रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) यात्रियों की सुरक्षा तो कर ही रहा है। वहीं ट्रेन में छूटे हुए सामान भी उसके असली मालिक तक पहुंचाने में पीछे नहीं है। यहीं वजह है कि अब ट्रेन में सामान छूट जाने के बाद भी लोगों को सही सलामत लौटाया जा रहा है,ताकि लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बीते एक साल के दौरान आरपीएफ ने ट्रेन और रेलवे परिसरों में छूटे हुए 273 यात्रियों का खोया हुआ सामान सुरक्षित लौटाया। जिसकी अनुमानित कीमत 51,47,057 रुपये थी।

आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों की बढ़ती आवाजाही के कारण ट्रेन में जल्दबाजी, स्टेशन पर भीड़ या असावधानी के चलते सामान छूटने की घटनाएं आम हैं। ऐसे मामलों में आरपीएफ ऑपरेशन अमानत के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए खोए हुए बैग, नकद राशि, मोबाइल, आभूषण, कपड़े और अन्य कीमती सामान को सुरक्षित बरामद करता है। इसके बाद पूरी जांच-पड़ताल और वेरीफिकेशन के बाद सामान उसके वास्तविक मालिक को सौंप दिया जाता है।

नकद राशि के साथ कीमती दस्तावेज : आरपीएफ द्वारा लौटाए गए सामान में नकद राशि के साथ-साथ पैसेंजर्स के कीमती दस्तावेज, पहचान पत्र, मेडिकल कागजात और घरेलू सामान भी शामिल हैं। इसके अलावा लोगों को कैश भी सही सलामत लौटाए गए है। जिसकी लोगों को मिलने की उम्मीद ही नहीं थी। कई मामलों में पैसेंजर्स ने आरपीएफ की सक्रियता और ईमानदारी की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका खोया हुआ सामान इतनी जल्दी और सुरक्षित वापस मिल जाएगा।

- एक साल में 273 छूटे हुए सामान को असली मालिक तक पहुंचाया
- ट्रेनों में छूटने के बाद 51,47,057 रुपये के सामान किए गए वापस
- पूरी जांच-पड़ताल और वेरिफिकेशन के बाद सौंपी जाती है छूटी हुई वस्तु

सामान छूट जाए तो करें कंप्लेन

आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार ने बताया कि यदि किसी यात्री का सामान ट्रेन में या रेलवे स्टेशन पर छूट जाए तो उसे घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे मामलों में यात्री तुरंत रेल मदद हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। 139 डायल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। शिकायत मिलते ही संबंधित आरपीएफ पोस्ट और एस्कॉर्ट टीम को सूचना दी जाती है, जिसके बाद त्वरित खोजबीन शुरू की जाती है। समय पर सूचना मिलने से सामान बरामद होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। इसलिए यात्रा के दौरान अपने सामान पर ध्यान रखें और ट्रेन से उतरते समय एक बार अपने आसपास जरूर जांच कर लें। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की परेशानी या सामान छूटने की स्थिति में बिना देरी किए रेल मदद का सहारा लें।

केस-1 आरपीएफ लोहरदगा ने 15 जनवरी को राजधानी एक्सप्रेस के यात्री का खोया हुआ सामान सुरक्षित रूप से लौटाया। रेल मदद के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ट्रेन संख्या 20408 राजधानी एक्सप्रेस के कोच बी-1 के बर्थ संख्या 30 पर एक यात्री का बैग छूट गया है। सूचना मिलते ही आरपीएफ एस्कॉर्ट पार्टी ने जांच की और बैग सुरक्षित बरामद किया। बैग में साड़ियां, निमंत्रण पत्र, मेडिकल कार्ड तथा अन्य घरेलू सामान जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 10,000 रुपये बताई गई। वेरीफिकेशन के बाद पश्चात बैग को यात्री के अधिकृत प्रतिनिधि को सौंप दिया गया।

केस-2 12 जनवरी को एक यात्री बिहार के भोजपुर चिटनी के रहने वाले टुनटुन कुमार रांची से आरा जाने के लिए ट्रेन संख्या 18640 एक्सप्रेस से जाने के लिए रांची स्टेशन आया था। लेकिन, वह ट्रेन संख्या 18624 एक्सप्रेस के सामान्य कोच में चढ़ गया। गलती का एहसास होते ही वह तुरंत रांची रेलवे स्टेशन पर उतर गया। हड़बड़ी में उसका बैग ट्रेन में ही छूट गया। सूचना मिलते ही ऑन ड्यूटी शिफ्ट अधिकारी ने ट्रेन संख्या 18624 एक्सप्रेस में तैनात एस्कॉर्ट पार्टी प्रभारी को अवगत कराया गया। जिन्होंने बैग सुरक्षित रूप से बरामद किया गया। बैग में नकद और कपड़े मिले। वेरीफिकेशन के बाद बैग और नकद राशि 44,970 रुपये बोकारो रेलवे स्टेशन पर संबंधित यात्री को सुपुर्द किया गया।

तीन दिवसीय मारवाड़ महोत्सव का आगाज, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बोले-

मारवाड़ी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करता है यह महोत्सव

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को रांची में तीन दिवसीय 'मारवाड़ महोत्सव- 2026' का आगाज हो गया। जिसका उद्घाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया। उन्होंने कहा कि ये राजस्थान और मारवाड़ी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत करने का सराहनीय प्रयास है। साथ ही कहा कि ऐसे आयोजन देश की विविधतापूर्ण सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्यपाल ने कहा कि मारवाड़ महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाला मंच है। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड की पावन धरती पर राजस्थान और मारवाड़ी समाज की सांस्कृतिक, सामाजिक और पारंपरिक विरासत का जीवंत प्रदर्शन यह दशार्ता है कि भारत की विविध संस्कृतियां एक-दूसरे के साथ कितनी सहजता से जुड़ती हैं। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान आयोजित पारंपरिक लोकनृत्य, लोकसंगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पारंपरिक व्यंजन, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और विभिन्न प्रतियोगिताएं सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक विविधता का सुंदर उदाहरण हैं।

ऐसे कार्यक्रम से एक-दूसरे के साथ सहजता से जुड़ती हैं भारत की विविध संस्कृतियां

कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार

विरासत का महत्व

राज्यपाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन प्रधानमंत्री के 'विकास के साथ विरासत' और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा को साकार करते हैं। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता में एकता है और सांस्कृतिक महोत्सव इस भावना को और अधिक मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों और समाजों की सांस्कृतिक पहचान को सम्मान देने से राष्ट्रीय एकता को नई ऊर्जा मिलती है।

समाज के योगदान की सराहना

मारवाड़ी समाज के योगदान की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि परोपकार, सेवा-भावना, अनुशासन, श्रम, ईमानदारी और उद्यमशीलता इस समाज की विशिष्ट पहचान रही है। व्यापार, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्रों में मारवाड़ी समाज ने देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां मारवाड़ी समाज ने निवास किया है, वहां उसने स्थानीय संस्कृति के साथ आत्मीय समन्वय स्थापित कर सामाजिक सौहार्द को सुदृढ़ किया है।

सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में आगे

अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए राज्यपाल ने बताया कि वे उत्तर प्रदेश के बरेली से आते हैं और वहां उन्होंने मारवाड़ी समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक, शैक्षणिक और परोपकारी कार्यों को नजदीक से देखा है। यह समाज न केवल आर्थिक गतिविधियों में अग्रणी रहा है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में भी हमेशा आगे रहा है। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि झारखंड राज्य विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनेगा और इस यात्रा में मारवाड़ी समाज की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र विकास के लिए सभी वर्गों और समुदायों का सहयोग आवश्यक है। उद्घाटन समारोह के बाद राज्यपाल ने महोत्सव परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया।

कानून के शिकंजे से कोई नहीं बच पाएगा, तय है सबका जेल जाना : बाबूलाल मरांडी

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विरुद्ध रांची पुलिस की कार्रवाई पर रोक लगाने और ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय की सुरक्षा केंद्रीय सुरक्षा बलों को सौंपने के आदेश को लेकर राज्य के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस आदेश को जांच एजेंसियों की कार्रवाई को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के लिए ह्लकरारा तमाचाह्व बताया है। बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्व पर पोस्ट करते हुए कहा कि पुलिस के सहारे जांच एजेंसियों को डराने-धमकाने की चाहे जितनी भी कोशिश कर ली जाए, भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई रुकने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि घोटालों और षड्यंत्रों में शामिल पूरा कुनबा कानून के शिकंजे से बच नहीं पाएगा और सभी का जेल जाना तय है। मरांडी ने लोगों से धैर्य रखने की अपील करते हुए कहा कि समय आने पर सच्चाई सबके सामने होगी। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार की ओर से पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति को लेकर नियमावली में किए गए संशोधन पर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए यह तर्क दिया कि कई वरिष्ठ आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) के अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर होने के कारण उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए नियमावली में संशोधन जरूरी था। मरांडी ने इस तर्क को पूरी तरह भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठता क्रम में शामिल आईपीएस अधिकारी अनिल पालटा, प्रशांत सिंह और एम.एस. भाटिया में से कोई भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नहीं है। इन अधिकारियों की सेवा अवधि भी क्रमशः एक वर्ष, दो वर्ष और तीन वर्ष शेष है। इसके बावजूद सेवानिवृत्ति से ठीक एक दिन पहले वरीयता क्रम में कनिष्ठ अधिकारी को डीजीपी नियुक्त कर दिया गया।

नगर निकाय को लेकर सीईसी ने दिए निर्देश, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष हो चुनाव

PHOTON NEWS RANCHI : नगर निकाय चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप देने में राज्य निर्वाचन आयोग जुटा हुआ है। शुक्रवार को राज्यभर के सभी 48 नगर निकायों के निवार्ची पदाधिकारी और सह निवार्ची पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। आयोग कार्यालय में आयोजित बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में चुनाव के हर विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने कहा कि चुनाव की घोषणा होते ही निवार्ची पदाधिकारी और सह निर्वाचन प्रभारी की भूमिका अहम हो जाती है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि नामांकन के वक्त प्रत्याशियों के द्वारा भरे जाने वाले फॉर्म और चुनाव चिन्ह आवंटन के समय निर्वाचन पदाधिकारी की अहम भूमिका होती है। जिसे बड़े ही सतर्कता के साथ निभानी चाहिए। उन्होंने निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को सलाह दी। साथ ही कहा कि आयोग के द्वारा जारी निर्वाचन पुस्तिका का अध्ययन जरूर कर लें। क्योंकि उसी के अनुरूप निकाय चुनाव संपन्न कराने में अपनी भूमिका का निर्वहन किया जाएगा। छोटी-छोटी बातों से कई बार विवाद बढ़ जाता है, इसलिए नियम संगत चुनाव के दौरान कार्य करें।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो, इसकी जिम्मेदारी सभी पदाधिकारियों पर होगी। इसके लिए पूरी सतर्कता के साथ निर्वाचन के दौरान काम करने की आवश्यकता है।

श्री महावीर मंडल ने की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा

RANCHI : शुक्रवार को राजधानी रांची में श्री महावीर मंडल, केंद्रीय समिति की कार्यकारिणी की बैठक मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 में आयोजित श्री रामनवमी महोत्सव की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि सभी के सहयोग से वर्ष 2025 में श्री रामनवमी महोत्सव पूरे राज्य में भव्य, अनुशासित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में राज्यभर के अखाड़ाधारियों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। उन्होंने इस सफलता का श्रेय देते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

होटल स्टाफ की लापरवाही पर टोकना पड़ा भारी, थाने में दर्ज हुई शिकायत

PHOTON NEWS RANCHI : अरगोड़ा चौक स्थित एक मिठाई की दुकान में होटल स्टाफ की लापरवाही पर टोकना दो महिलाओं को भारी पड़ गया। मामूली कहासुनी देखते ही देखते मारपीट और अभद्रता में बदल गई। इस घटना में सपना चटर्जी और नेहा प्रसाद नामक दो महिलाओं ने अज्ञात लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं मामले को लेकर अरगोड़ा थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पीड़ित महिलाओं की शिकायत के अनुसार, यह घटना 11 जनवरी 2026 की शाम लगभग 7:30 बजे की है। दोनों महिलाएं अरगोड़ा चौक स्थित स्वीट कॉर्नर होटल में मिठाई खा रही थीं। इसी दौरान होटल स्टाफ की लापरवाही के कारण रस कपड़े पर गिर गया। महिलाओं ने स्टाफ को केवल सावधानी बरतने की सलाह दी, ताकि आगे ऐसा न हो। इसी बात से नाराज होकर वहां मौजूद एक अज्ञात महिला ने दोनों से अपमानजनक भाषा में बात करना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में उक्त महिला ने अन्य लोगों को मौके पर बुला लिया। इन लोगों ने खुद को प्रशासन से जुड़ा बताते हुए डराने का प्रयास किया। आरोपियों ने हमारे साथ गाली-गलौज की, साड़ी खींची, पैर से हमला किया और बीच बाजार घसीटने की धमकी दी। इसके साथ ही थाने में बंद करवा कर पिटाई कराने की भी धमकी दी गई।

कार्रवाई शहर का जायजा लेने निकले नगर निगम के प्रशासक

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगी 11 हजार की फाइन

PHOTON NEWS RANCHI : रांची नगर निगम शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के अपने संकल्प को धरातल पर उतारने में तेजी से जुटा है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव के नेतृत्व में निगम की टीम ने शहर के प्रमुख इलाकों कडरू और अपर बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करना, स्वच्छता सुनिश्चित करना, सड़क चौड़ीकरण को गति देने के साथ अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई करना था।

कडरू में स्मार्ट बाजार से रेडिशन ब्लू होते हुए कडरू फ्लाईओवर तक पूरे मार्ग का बारीकी से निरीक्षण किया गया। प्रशासक ने

रोड का निरीक्षण करते नगर प्रशासक सुशांत गौरव व अन्य

गिफ्ट डीड की जमीन की जांच कर अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने और सुव्यवस्थित पाथवे निर्माण के निर्देश दिए। अतिक्रमण मुक्त अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने, टर्निंग प्वाइंट्स पर यातायात अव्यवस्था दूर करने तथा हरमू नदी की सफाई के साथ संरक्षण अभियान को और तेज करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों को स्पष्ट कहा गया कि सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि शहर की पहचान होती हैं। इसके बाद नगर निगम टीम ने शहर के सबसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र अपर बाजार का निरीक्षण किया। शहीद चौक से रंगरेज गली और पुस्तक पथ होते हुए रांची विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार तक निरीक्षण के दौरान जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त निर्देश जारी किए गए। सड़कों और नालियों पर कूड़ा फेंकने, अवैध अतिक्रमण, दुकानों के अनधिकृत विस्तार और यातायात बाधित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए गए। पीक आवर्स में मालवाहक वाहनों की नो-एंट्री के सख्त पालन और अवैध संरचनाओं की गहन जांच पर भी जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान मौके पर ही नियमों के उल्लंघन पर 11,000 का जुर्माना लगाया गया। नगर निगम ने डेडिकेटेड रोड मैनेजमेंट टीम के माध्यम से प्रमुख सड़कों पर निरंतर निगरानी और त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। निगम ने लोगों से स्वच्छता और यातायात अनुशासन में सहयोग की अपील की है।

बजट 2026-27: स्वास्थ्य व पोषण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग

RANCHI : झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने अबुआ दिशोम बजट 2026-27 को लेकर आयोजित बजट पूर्व गोष्ठी में राज्य की जनता के स्वास्थ्य और पोषण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह बजट मजबूत, दूरदर्शी और जनहितकारी होना चाहिए, ताकि इसका सीधा लाभ आम लोगों तक पहुंचे। गोष्ठी में अपने सुझाव रखते हुए डॉ. अंसारी ने स्वास्थ्य विभाग के बजट को वर्तमान 5500 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 11000 करोड़ रुपये किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बजट में पर्याप्त वृद्धि होने से राज्य में बेहतर अस्पतालों की स्थापना, नए मेडिकल कॉलेज, हाईटेक लैब, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक तकनीक का उपयोग व सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों का विकास संभव हो सकेगा।

जेएमएम को पिछड़े समाज से आने वाले का नेतृत्व स्वीकार नहीं : अमरदीप यादव

PHOTON NEWS RANCHI : भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमरदीप यादव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य द्वारा भाजपा के नव-निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू पर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की।

उन्होंने कहा कि झामुमो को पिछड़े समाज से आने वाले समर्पित कार्यकर्ता का नेतृत्व स्वीकार नहीं हो पा रहा है। यही कारण है कि वह राजनीतिक मयार्दा को ताक पर रखकर नकारात्मक बयानबाजी कर रही है। भाजपा ने एक पिछड़ा वर्ग के मूलवासी किसान के बेटे, जो चार दशकों से अधिक समय से बूथ स्तर से संगठन की सेवा कर रहे हैं, को

प्रदेश अध्यक्ष बनाकर यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा सामाजिक न्याय, संगठनात्मक लोकतंत्र और कार्यकर्ता सम्मान की सच्ची पक्षधर है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो का इतिहास पिछड़ा, आदिवासी और किसान विरोधी नीतियों से भरा रहा है। अमरदीप ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस गठबंधन को राज्य में पिछड़े वर्ग की बढ़ती राजनीतिक मजबूती बर्दाश्त नहीं हो रही है। झामुमो-कांग्रेस सरकार ने पिछड़ों को आरक्षण से वंचित कर धोखा दिया।

समाचार सार

25 फरवरी से खुल जाएगी डीएम लाइब्रेरी

JAMSHEDPUR : साकची के स्ट्रेटमाइल रोड स्थित डीएम (दिनशॉ मेमोरियल) लाइब्रेरी 25 फरवरी से दोबारा खुल जाएगी। 1936 में बनी

लाइब्रेरी का 13 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार किया गया है। इसे शुरू करने को लेकर डीसी कर्ण सत्यार्थी ने शुक्रवार को लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने जेएनएसी के उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार को निर्देश दिया कि डीएम लाइब्रेरी में बेंच और डेस्क के अलावा अन्य जरूरी संसाधनों का इंतजाम किया जाए, ताकि यहां आने वालों को सुविधाजनक माहौल मिले। डीएम लाइब्रेरी में पठन सामग्री, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय और अन्य आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। डीसी ने कहा कि डीएम लाइब्रेरी स्टूडेंट के लिए काफी फायदेमंद है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवा भी इसका लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, आम पाठक भी अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए आ सकते हैं। इस पांचमंजिला बनाया गया है, जिसमें पार्किंग के अलावा दुकान व ई-लाइब्रेरी की व्यवस्था भी है। ज्ञात हो कि यह लाइब्रेरी करीब 6 वर्ष से बंद थी।

तारापदो महतो का अब तक नहीं हुआ अंतिम संस्कार

GHATSILA : गालूडीह थाना क्षेत्र के पुतरु गांव निवासी तारापदो महतो

की 12 जनवरी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, लेकिन परिजनों ने अभी तक उसका अंतिम संस्कार नहीं किया है। इसे लेकर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी शुक्रवार को शोकाकुल परिवार से मिले। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि इस हत्या में जो भी दोषी पाए होंगे, उन्हें किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने परिजनों से आग्रह किया कि वे जल्द से जल्द अंतिम संस्कार संपन्न कराएं, ताकि प्रशासन को आगे की कानूनी कार्रवाई में सहयोग मिल सके। षाड़ंगी ने मृतक के बड़े भाई षष्ठी महतो की ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग से बात भी कराई। षाड़ंगी ने राज्य की पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा से भी बात कर इस गंभीर घटना पर संज्ञान लेने एवं दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग रखी। कुणाल ने कहा कि हेमंत सरकार में अपराधियों को न तो संरक्षण मिलेगा, न ही किसी दोषी को बख्शा जाएगा। झामुमो पीड़ित परिवार को हर हाल में न्याय दिलाने के लिए पूरी मजबूती से खड़ा है।

तारापदो हत्याकांड : आज एनएच जाम की चेतावनी

JAMSHEDPUR : गालूडीह स्थित पुतरू गांव में 12 जनवरी को

सीएससी संचालक तारापदो महतो की दुकान में घुसकर हत्या कर दी गई थी। इसे लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को डीसी-एसएसपी सहित गालूडीह के थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाते हुए 17 को एनएच-33 व एनएच-18 को जाम करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस घटना से पूरे क्षेत्र में भय, आक्रोश और असंतोष का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यह हत्या केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था की विफलता और अंचल कार्यालय की घोर लापरवाही का परिणाम है। प्रशासनिक नियमों के अनुसार सरकारी जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त रखना, अवैध कब्जे पर रोक लगाना तथा भूमि से जुड़े विवादों का समय रहते समाधान करना अंचल कार्यालय की जिम्मेदारी होती है। लेकिन, संबंधित अधिकारियों की निष्क्रियता और मिलीभगत के कारण जमीन कारोबारियों को खुला संरक्षण मिला, अवैध कब्जों को बढ़ावा मिला और विवाद लगातार गहराता चला गया। इसी का परिणाम है कि भूमि विवाद ने हिंसक रूप लिया और अंततः तारापदो महतो की हत्या हुई।

एनसीसी कैडेट 21 को करेंगे पदयात्रा

GHATSILA : घाटशिला कॉलेज की एनसीसी इकाई द्वारा 21 जनवरी को भगवान बिरसा मुंडा पदयात्रा की जाएगी। प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी

ने बताया कि भारत सरकार के माई भारत पोर्टल की पहल तथा एनसीसी निदेशालय के आह्वान पर यह पदयात्रा वृहद स्तर पर होगी। पदयात्रा के माध्यम से बिरसा मुंडा की विरासत और आदिवासी समुदायों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाएगा। इससे एक भारत- श्रेष्ठ भारत की भावना को भी बढ़ावा मिलेगा। प्राचार्य ने बताया कि पदयात्रा में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, नागरिक व समाजसेवी भी शामिल होंगे।

नक्सल प्रभावित गांवों में सीआरपीएफ ने बांटी सामग्री

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले में पदस्थापित सीआरपीएफ की 193 बटालियन ने शुक्रवार को नक्सल प्रभावित गांवों में सामग्री का

वितरण किया। सिविक एक्शन प्रोग्राम 2025-26 के तहत ग्राम बोरोई में कमांडेंट ओमजी शुक्ला के मार्गदर्शन में बोरोई, बाईहातु, सांगाजटा, पाटुंग, सोंगा, किमसुआ, रुटागुटू आदि के ग्रामीणों में कंबल, मच्छरदानी, प्रेशर कुकर, छाता, बाल्टी, सिलाई मशीन, खाद्य सामग्री, पोशाक आदि के अलावा बच्चों में कॉपी, किताब, पेन, पेंसिल, खेल सामग्री व पोशाक का वितरण किया गया। इस दौरान सीआरपीएफ के जीडी बिभूतोश दास ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य युवक-युवतियों को खेल व शिक्षा के प्रति जागरूक करना और प्रेम, सहयोग और भाईचारा को बढ़ावा देना है। जवानों का स्वागत ग्रामीणों ने पारंपरिक नृत्य व संगीत के साथ किया।

अर्जुन मुंडा ने किया गोल्फ टूर्नामेंट का उद्घाटन

JAMSHEDPUR : गोलमुरी स्थित गोल्फ कोर्स में शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने 75वें स्टील सिटी गोल्फ टूर्नामेंट का उद्घाटन

किया। यह टूर्नामेंट 18-होल की बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में रविवार तक होगा। इसमें पटना, भुवनेश्वर, पारादीप, रांची, दिल्ली और जमशेदपुर समेत कई प्रमुख शहरों के 250 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर जमशेदपुर गोल्फ सचिव और टाटा स्टील लिमिटेड के चीफ-सेफ्टी नीरज कुमार सिन्हा, जेकेपीएसीपीएल के एमडी अभिजीत अविनाश ननोती, टाटा स्टील के चीफ- कॉरपोरेट सर्विसेज, वरुण बजाज, डीबीएमएस के चेयरपर्सन बी. चंद्रशेखर और एक्सएलआरआई एलुमनी कमेटी के ग्लोबल प्रेसिडेंट रणवीर सिन्हा भी उपस्थित थे।

गोविंदपुर के मुर्गा दुकानदार अजय श्रीवास्तव की हत्या का खुलासा

ब्राउन शुगर के धंधे को लेकर हुआ था मर्डर, दो आरोपी हुए गिरफ्तार

PHOTON NEWS JSR : छोटागोविंदपुर की सेरेंगबेड़ा बस्ती के रहने वाले अजय श्रीवास्तव हत्याकांड का टेल्को थाना की पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया है। गोविंदपुर के चांदनी चौक में मुर्गा दुकान चलाने वाले अजय श्रीवास्तव की हत्या 13 जनवरी की रात में कर दी गई थी और उसका शव टेल्को स्थित रामकृष्ण मिशन स्कूल के पीछे फेंक दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में दो हत्यारोपियों सिद्धार्थ कुमार और राहुल कुमार सिंह उर्फ चीकू को गिरफ्तार किया है। सिद्धार्थ कुमार छोटा गोविंदपुर के ही शेषनगर का रहने वाला है, जबकि राहुल कुमार सिंह छोटागोविंदपुर के डबल स्टोरी इलाके का रहने वाला है। पुलिस ने इनके पास से घटना में

एक मां के ताने से, दूसरा अजय श्रीवास्तव के अपमान से था दुखी

पत्रकारों को जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

प्रयुक्त चाकू के अलावा अजय श्रीवास्तव से लूटे गए 11 हजार 500 रुपये भी बरामद किए हैं। इसके अलावा, अजय श्रीवास्तव का मोबाइल, घटना को अंजाम देते समय आरोपी का जैकेट, बाइक और मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस ने बताया कि अजय श्रीवास्तव ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री भी करता था। हत्यारोपी सिद्धार्थ कुमार इस काम में उसकी मदद करता था। दोनों के बीच पैसे को लेकर कुछ दिन पहले विवाद हुआ था। इसके बाद अजय श्रीवास्तव ने सिद्धार्थ कुमार की चांदी की चेन छीन ली थी। सिद्धार्थ ने पुलिस को बताया कि जब वह अपने घर गया तो उसकी मां ने पूछा कि चेन कहां है। तब उसने सारी घटना बताई। इस पर उसकी मां ने कहा कि थू है तेरे ऊपर। ऐसी नशेड़ी औलाद। यह कह कर उसे घर से निकाल दिया था। इसके बाद सिद्धार्थ अजय श्रीवास्तव से बदला लेने के चक्कर में घूम रहा था। कुछ दिन पहले अजय श्रीवास्तव, सिद्धार्थ और एक अन्य हत्यारोपी राहुल कुमार सिंह बैठकर नशा कर रहे थे। तभी अजय श्रीवास्तव ने राहुल कुमार सिंह से कहा कि जब तेरे पास खर्च करने की औकात नहीं है तो पीने खाने क्यों आ जाता है। राहुल कुमार सिंह को यह बात बेहद बुरी लगी। उसने अपने आप को अपमानित महसूस किया और अजय श्रीवास्तव से बदला लेने की फिराक में था। तभी सिद्धार्थ कुमार और राहुल कुमार सिंह ने मिलकर अजय श्रीवास्तव को मौत के घाट उतारने का प्लान बनाया और उसकी हत्या कर लाश टेल्को थाना क्षेत्र के रामकृष्ण मिशन स्कूल के पीछे फेंक दी थी।

उलीडीह में चल रहा था सेक्स रैकेट, धरी गई चार युवतियां

JAMSHEDPUR : मानगो के उलीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाष कॉलोनी स्थित ग्रीनफील्ड अपार्टमेंट में शुक्रवार की शाम पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां जिस्मफरोशी का धंधा किया जा रहा है। इसी को लेकर पुलिस ने रेड कर चार युवतियों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। यह रेड ग्रीन फील्ड अपार्टमेंट के सरस्वती ब्लॉक नंबर 5 में हुई है। बताया जा रहा है कि अपार्टमेंट में दो युवक भी थे, जो पुलिस के आने की भनक लगते ही वहां से फरार हो गए। अपार्टमेंट में चार युवतियां मिलीं, जिनको पुलिस ने हिरासत में लिया है। इन सभी को थाने ले जाया गया है। वहां उनसे पूछताछ चल रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर मामला क्या है। क्या पकड़ी गई युवतियां जिस्मफरोशी के धंधे में ही लिप्त हैं या नहीं। बताया जा रहा है कि देव विला अपार्टमेंट के लोगों ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी और बताया था कि ग्रीन फील्ड अपार्टमेंट में देह व्यापार का धंधा होता है। इस आधार पर पटमदा डीएसपी और उलीडीह थाना प्रभारी अन्य पुलिस कर्मियों को लेकर सिविल ड्रेस में वहां पहुंचे। वहां जो युवतियां मौजूद थीं, उनसे सौदा तय किया और जब यह निश्चित हो गया कि यहां देह व्यापार होता है तो छापामारी कर चार युवतियों को पकड़ लिया गया।

लापता कैरव गांधी के परिजनों से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सकुशल बरामदगी के दिए निर्देश

PHOTON NEWS JSR : केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शुक्रवार को शहर पहुंचे। यहां उन्होंने 13 जनवरी से लापता सीएच एरिया (बिष्टुपुर) निवासी कैरव गांधी के परिजनों से मिले। आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एसिया) के उपाध्यक्ष देवांग गांधी के बेटे कैरव गांधी के अपहरण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पुलिस अब तक न तो अपहरणकताओं को गिरफ्तार कर सकी है, ना कैरव गांधी का पता लगा सकी है। संजय सेठ ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही कैरव गांधी का पता लगा लिया जाएगा। उन्होंने परिजनों को बताया कि केंद्र सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है और हर हाल में कैरव गांधी को सुरक्षित बरामद किया

कैरव गांधी के परिजन से मिलने पहुंचे केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ

जाएगा। पत्रकारों से बात करते हुए संजय सेठ ने कहा कि झारखंड की कानून व्यवस्था निरंतर खराब होती जा रही है। नागरिक, उद्योगपति और कारोबारी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। झारखंड के हालात ऐसे हैं और मुख्यमंत्री विदेश जाकर झारखंड में निवेश और उद्योग लगाने का निमंत्रण दे रहे हैं। संजय सेठ ने जिला पुलिस और प्रशासन को साफ निर्देश दिया कि कैरव गांधी को अविलंब खोजा जाए और उनकी सकुशल बरामदगी की जाए। इस मामले में किसी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि कैरव गांधी की कार 13 जनवरी को रात में सरायकेला-खरसावां जिले के कांदरबेड़ा से बरामद हुई थी।

लापता युवक के लिए हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

सीएच एरिया निवासी उद्यमी देवांग गांधी के पुत्र कैरव गांधी की कुशलता के लिए शुक्रवार को बिष्टुपुर स्थित गुजराती सनातन समाज में हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करने वालों में समीर मकानी, गुनुभाई, रश्मिन रानपरा, हितेश रानपरा, मुनीभाई वसानी, प्रह्लादभाई आदि भी शामिल थे। ज्ञात हो कि कैरव गांधी 12 जनवरी से ही लापता हैं। उनके अपहरण की आशंका जताई जा रही है।

टाटानगर रेलवे स्टेशन पर ध्वस्त की गईं 32 दुकानें व मकान

टाटानगर स्टेशन पर अतिक्रमण हटाता बुलडोजर ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : टाटानगर रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा। इसे लेकर बनाए गए रि-डेवलपमेंट प्लान के तहत शुक्रवार को टाटानगर रेलवे ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस अभियान के तहत बागबेड़ा और कीताडीह की ओर जाने वाली सड़क पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान लगभग 32 दुकानें और मकान हटा दिए गए। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में आरपीएफ के जवान तैनात रहे। इसके अलावा, मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई थी। अभियान का कहीं विरोध नहीं हुआ। प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट जमशेदपुर अंचल के सीओ मनोज कुमार ने बताया कि 27 मकानों और पांच दुकानों को तोड़ा गया है। इसके पहले गुरुवार को इलाके में माइक से एलान कर लोगों को बता दिया गया था कि इस क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। सभी लोग अपना सामान हटा लें। ज्यादातर लोगों ने सामान हटा लिया था।

ओवरलोडिंग के खिलाफ चला अभियान, वसूले 83,650 रुपये

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार जिला परिवहन विभाग ने शुक्रवार को परसुडीह में सघन वाहन जांच अभियान चलाया। एमवीआई सूरज हेंब्रम के नेतृत्व में विभाग की सड़क सुरक्षा टीम ने मुख्य रूप से पैसेंजर वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने (ओवरलोडिंग) पर ध्यान केंद्रित किया। इसमें 83,650 रुपये जुर्माना वसूला गया। जिला मोटरयान निरीक्षक ने बताया कि 40 से अधिक बसों, पिकअप वैन और अन्य व्यावसायिक वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों एवं सुरक्षा मानकों की जांच की गई। जांच के दौरान ओवरलोडिंग के दोषी पाए गए पांच वाहनों पर सख्ती बरतते हुए 83 हजार 650

रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने वाहन चालकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि ओवरलोडिंग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण भी है। उन्होंने चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन का उद्देश्य केवल जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित सफर के प्रति सचेत करना है।

पोटका में आम के बाग को अराजक तत्वों ने लगाई आग, सारे पेड़-पौधे जले

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत पोटका प्रखंड के कोवाली थाना क्षेत्र में मझगांव में बड़ी घटना हुई है। अराजक तत्वों ने मझगांव में आम के बगीचे में आग लगा दी, जिससे बगीचे के सारे पेड़-पौधे जलकर खाक हो गए। बाग के मालिक पोलटू मंडल ने इस मामले में कोवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पोलटू का कहना है कि पुरानी रंजिश के चलते उनके बाग में आग लगाई गई है। घटना 10 जनवरी की बताई जा रही है। एफआईआर दर्ज होने के बाद थाना से पुलिसकर्मी शुक्रवार को बगीचे में पहुंचे और बाग के मालिक सहित स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ की। पुलिस ने पोलटू मंडल के आवेदन पर अनूप कुमार मंडल, महितोस मंडल और जयंत मंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

आदित्यपुर में डिफेंस कॉन्क्लेव शुरू, उद्यमियों ने दिखाई रुचि

कॉन्क्लेव में संजय सेठ को स्मृति चिह्न भेंट करते उद्यमी ● फोटोन न्यूज

SERAIKELA : आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर परिसर में दो दिवसीय एमएसएमई डिफेंस कॉन्क्लेव-2026 लगा है, जिसका उद्घाटन शुक्रवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने कहा कि आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में भारत का इंडस्ट्रियल कैपिटल बनने की पूरी क्षमता है। जमशेदपुर अब केवल टाटा मोटर्स या ऑटोमोबाइल हब तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे रक्षा उपकरणों का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना हमारा लक्ष्य है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि अभी इंडिया, दुनिया के 92 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है और पिछले 8 सालों में स्टार्टअप की संख्या 800 से बढ़कर हो गई है। इसमें भारत तीसरे स्थान पर है। जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन ने बताया कि 5000 एकड़ में फैले इस औद्योगिक क्षेत्र की 1500 इकाइयां और 50 हजार से अधिक श्रमिक, देश की रक्षा आपूर्ति श्रृंखला में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं।

टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी ने मनाया 36वां स्थापना दिवस

JAMSHEDPUR : टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी (टीएसजेडएस) ने शुक्रवार को टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क (टीएसजेडपी) में 36वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस सोसाइटी की स्थापना 16 जनवरी 1990 को टाटा स्टील के पूर्व सीएमडी स्व. रूसी मोदी द्वारा की गई थी, जो वन्यजीव संरक्षण, शिक्षा और जन सहभागिता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कार्यक्रम की शुरूआत केक कटिंग समारोह के साथ हुई, जिसमें टीएसजेडएस वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क के निदेशक डॉ. नईम अख्तर तथा टीएसजेडएस के एचआर सदस्य विकास कुमार शामिल थे। इस अवसर पर क्यूरेटर डॉ. संजय कुमार महतो सहित चिड़ियाघर के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान, करीम सिटी कॉलेज के जूलॉजी एवं बॉटनी विभाग के 80 स्नातक विद्यार्थियों को, जिन्होंने चिड़ियाघर में अपना इंटर्नशिप कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया था, प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट योगदान और समर्पित सेवाओं के लिए समरंजन महतो को बेस्ट एम्प्लॉयी ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

शिक्षा जमशेदपुर के निजी स्कूलों में नामांकन की प्रतीक्षा खत्म, 7,000 सीटों के लिए आए थे 72,000 से अधिक आवेदन

आज जारी होगी प्रवेश कक्षा के लिए चयनित बच्चों की सूची

PHOTON NEWS JSR : निजी स्कूलों में एंट्री लेवल कक्षाओं (नर्सरी/एलकेजी) में नामांकन के लिए अभिभावकों का चार महीने का लंबा इंतजार शनिवार को समाप्त होने जा रहा है। शहर के विभिन्न स्कूलों में लॉटरी की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है और अब शनिवार को 7000 उपलब्ध सीटों के लिए चयनित बच्चों की अंतिम सूची सार्वजनिक की जाएगी।

विभिन्न स्कूलों ने परिणाम घोषित करने के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया है। सूचना के अनुसार, लोयोला स्कूल, टेल्को सबसे पहले सुबह 8.30 बजे अपनी सूची जारी करेगा। इसके बाद लोयोला स्कूल, बिष्टुपुर सुबह 9 बजे और डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल दोपहर 3 बजे के बाद

कड़ी प्रतिस्पर्धा और नामांकन प्रक्रिया

इस वर्ष नामांकन के लिए प्रतिस्पर्धा बेहद कठिन रही है। सामान्य श्रेणी की महज 7,000 सीटों के लिए शहरभर से 72,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसका अर्थ है कि प्रत्येक सीट के लिए औसतन 10 दावेदार कतार में हैं। लॉटरी में चयनित बच्चों का नामांकन 31 जनवरी तक पूरा किया जाना है।

परिणामों की घोषणा करेगा। अन्य स्कूल भी इसी अंतराल में अपने नोटिस बोर्ड और आधिकारिक वेबसाइटों पर सूची अपलोड करेंगे।

जानें, स्कूल कब जारी करेंगे लिस्ट

लोयोला स्कूल बिष्टुपुर	:	सुबह 9 बजे के बाद
लोयोला स्कूल टेल्को	:	सुबह 8.30 बजे के बाद
राजेंद्र विद्यालय	:	दोपहर 2 बजे
तारापोर स्कूल एग्रिको	:	सुबह 10 बजे के बाद
जेएच तारापोर धातकीडीह	:	सुबह 11 बजे के बाद
कारमेल जूनियर कॉलेज	:	सुबह 11 बजे के बाद
हिलटॉप स्कूल	:	सुबह 10 बजे के बाद
जुस्को स्कूल साउथ पार्क	:	सुबह 11 बजे के बाद
चिन्मया साउथ पार्क	:	सुबह 11 बजे के बाद
केरला पब्लिक स्कूल, कदमा	:	सुबह 10 बजे के बाद
केरला पब्लिक स्कूल, मानगो	:	सुबह 10 बजे के बाद
केरला समाजम मॉडल स्कूल	:	दोपहर 11 बजे के बाद
दयानंद पब्लिक स्कूल	:	दोपहर 11 बजे के बाद
मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल	:	दोपहर 11 बजे के बाद
गुलमोहर हाईस्कूल	:	दोपहर 1 बजे के बाद
सेक्रेड हार्ट कावेंट स्कूल	:	सुबह 11 बजे के बाद
डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल कदमा	:	दोपहर 3 बजे के बाद

तीन माह में होगी अल्पसंख्यक स्कूलों के जर्जर भवनों की मरम्मत

JAMSHEDPUR : राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान ने कहा है कि पूर्वी सिंहभूम जिले में जितने भी जर्जर अल्पसंख्यक स्कूल हैं, उनके भवनों की मरम्मत का काम तीन महीने के अंदर शुरू कर दिया जाएगा। यही नहीं अल्पसंख्यक स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर की जाएगी। 3 महीने के अंदर शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए ठोस पहल शुरू होगी। आयोग के अध्यक्ष इस मुद्दे को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंचाएंगे। ये बातें हिदायतुल्ला खान ने जमशेदपुर सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक करने के बाद शुक्रवार को पत्रकारों से कहीं। उन्होंने कहा कि जिले में अल्पसंख्यक स्कूलों की स्थिति काफी जर्जर हो गई है।

कहीं जरूरत से ज्यादा मूंगफली तो नहीं खा रहे आप

जानें एक दिन में कितनी खाना सही?

सर्दियों के मौसम में मूंगफली खाना सभी को अच्छा लगता है. गर्म-गर्म मूंगफली सर्दियों में खाने से अलग ही स्वाद मिलता है. जैसे ही ठंड दस्तक देती है, सड़कों और मार्केटों में मूंगफली, गजक और रेवड़ी बिकनी शुरू हो जाती है और लोग बड़ी मात्रा में इसका सेवन करने लगते हैं. मूंगफली हमारे शरीर के लिए फायदेमंद होती है. यह शरीर को कई बीमारियों से बचाने में मदद करती है, जैसे हार्ट की बीमारियां, हड्डियों की मजबूती और पाचन से जुड़ी दिक्कतें. लेकिन ठंड के मौसम में जरूरत से ज्यादा मूंगफली का सेवन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है और शरीर पर हानिकारक असर डालता है.

रोज कितनी मूंगफली खाना सही है?

मूंगफली का सेवन करने से शरीर पर कई सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलते हैं. यह हड्डियों की मजबूती से लेकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव में भी मददगार मानी जाती है. हालांकि, ज्यादा मात्रा में मूंगफली खाने से कई तरह की बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है. डॉक्टर्स के अनुसार, हर व्यक्ति को अपने डेली रूटीन और डाइट में सिर्फ एक मुट्ठी मूंगफली ही खानी चाहिए. यानी एक दिन में लगभग 30 से 50 ग्राम मूंगफली का सेवन करना सही माना जाता है. आप चाहें तो इससे भी कम मात्रा, यानी 25 से 30 ग्राम मूंगफली का सेवन कर सकते हैं. इतनी मात्रा में मूंगफली खाने से वजन बढ़ने जैसी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता.

ज्यादा मूंगफली खाने से वजन बढ़ना

अगर कोई व्यक्ति जरूरत से ज्यादा मूंगफली का सेवन करता है, तो उसे वजन बढ़ने जैसी समस्या हो सकती है. मूंगफली में कैलोरी और फैट की मात्रा ज्यादा होती है. अगर आप रोज जरूरत से ज्यादा मूंगफली खाते हैं, तो धीरे-धीरे आपके वजन में बढ़ोतरी हो सकती है.

जोड़ों के दर्द में मूंगफली से बचें

अगर किसी व्यक्ति को जोड़ों का दर्द या हड्डियों से जुड़ी बीमारियां हैं, जैसे आर्थराइटिस या गठिया, तो ऐसे लोगों को मूंगफली का सेवन बहुत कम या बिल्कुल नहीं करना चाहिए. मूंगफली में मौजूद प्रोटीन और यूरिक एसिड जोड़ों के दर्द को बढ़ा सकते हैं.

पाचन से जुड़ी समस्याएं

ज्यादा मात्रा में मूंगफली खाने से पाचन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं. अगर आप जरूरत से ज्यादा मूंगफली का सेवन करते हैं, तो गैस, कब्ज और एसिडिटी जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है.

लीवर पर हानिकारक असर

ज्यादा मात्रा में मूंगफली के सेवन से हमारे लीवर पर हानिकारक असर हो सकता है. इससे लीवर में फैट जमा होने लगता है, जो फैटी लीवर जैसी समस्या का कारण बन सकता है और लीवर की कार्यक्षमता भी कम हो सकती है. इसलिए मूंगफली का सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए.

तेज हवा या घने कोहरे में किसान ना करें ये काम, कृषि विभाग ने किया अलर्ट

घने कोहरे की चादर इन दिनों देश के कई हिस्सों पर छाई हुई है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्डस्ष्ठ) ने कई राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है. कोहरे और बढ़ती ठंड ने आमजन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. विजिबिलिटी घटने से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हो रहे हैं. किसानों पर भी मौसम के बदलाव का असर पड़ सकता है. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने किसानों के लिए कुछ सुझाव शेयर किए हैं.

दवा के छिड़काव से बचें किसान

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किसानों के लिए जानकारी शेयर की है. कृषि विभाग ने बताया कि किसानों को मौसम देखकर दवा का छिड़काव करना चाहिए. तेज हवा या कोहरे के समय दवा का छिड़काव करने से बचना चाहिए. शांत मौसम में दवा के छिड़काव करने से दवा का पूरा असर फसल पर होता है. इससे किसानों का खर्च भी बचता है.

किसानों को मौसम विभाग की साप्ताहिक सलाह देखकर बुवाई का समय तय करना चाहिए. यह नुकसान को कम करने में मदद कर सकता है. बारिश, ठंड की लहर या गर्मी की बढ़ोतरी जैसी परिस्थितियों में सही फैसले लेने से फसल सुरक्षित रहती है. इससे सिंचाई और दवा पर होने वाला अतिरिक्त खर्च भी बचाया जा सकता है.

खेत में लगा है सोलर पैनल तो भूलकर भी ना करें ये गलतियां, होगा भारी नुकसान!

सोलर पैनल किसानों के लिए लंबे समय का निवेश होते हैं, इसलिए इनके साथ कई सावधानियां रखनी जरूरी होती है. कई बार सफाई के समय की गई छोटी-सी लापरवाही भी भारी नुकसान का कारण बन सकती है. सही तरीके से की गई सफाई सोलर पैनल को सालों तक बेहतर प्रदर्शन देने में मदद करती है. आइए जानते हैं सोलर पैनल की सफाई के वक्त किन गलतियों से बचना चाहिए?

खेती में बिजली की बढ़ती मांग और डीजल की ऊंची कीमतों से बचने के लिए किसान तेजी से सोलर पैनल अपना रहे हैं. सिंचाई हो या पंप चलाना, सोलर ऊर्जा आज किसानों के लिए बड़ी राहत बन रही है, लेकिन सोलर पैनल से अधिकतम बिजली पाने के लिए उसकी सफाई नियमित और सही तरीके से करना जरूरी होता है.

सतह पर धूल, मिट्टी, परागकण और पक्षियों की बीट से उत्पादन क्षमता घट सकती है. सफाई के दौरान की गई छोटी-सी गलती भी पैनल को नुकसान पहुंचा सकती है और किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है. ऐसे में किसानों को कई गलतियों को करने से बचना चाहिए.

खुरदरे ब्रश का इस्तेमाल करने से बचें

सोलर पैनल की सफाई के लिए झाड़ू, सख्त ब्रश या बोरे के कपड़े जैसी चीजों का इस्तेमाल बिल्कुल न करें. सोलर पैनल की ऊपरी सतह कांच की होती है, जिस पर एक खास कोटिंग लगी होती है. खुरदरी चीजों से सफाई करने पर सतह पर खरोंच पड़ सकती है और इसकी दक्षता स्थायी रूप से कम हो सकती है. सफाई के लिए हमेशा मुलायम कपड़े, स्पंज या माइक्रोफाइबर कपड़े का इस्तेमाल करना चाहिए.

तेज केमिकल और साबुन का इस्तेमाल न करें

पैनल को चमकाने के लिए डिटर्जेंट, फिनाइल, एसिड या अन्य केमिकल का प्रयोग न करें. यह सोलर पैनल को नुकसान पहुंचा सकता है. केमिकल्स पैनल की कोटिंग को खराब कर सकते हैं, जिससे धूप को सोखने की क्षमता पर असर हो सकता है. सफाई के लिए साफ पानी या बहुत हल्के साबुन का घोल इस्तेमाल किया जा सकता है.

तेज धूप में सफाई न करें

तेज धूप में सोलर पैनल अत्यधिक गर्म हो जाते हैं. ऐसे में पानी डालने से थर्मल शॉक लग सकता है, जिससे कांच चटकने का खतरा रहता है. इसके अलावा गर्म पैनल पर पानी डालने से दाग भी पड़ सकते हैं. सफाई के लिए सुबह या शाम का समय उचित माना जाता है.

बिजली चालू न रखें

सफाई के दौरान सोलर सिस्टम को चालू छोड़ना बेहद खतरनाक हो सकता है. गीले हाथों या पानी के संपर्क में बिजली प्रवाहित होने से करंट लगने का खतरा रहता है. इसलिए सफाई शुरू करने से पहले सोलर सिस्टम को पूरी तरह बंद करना और इन्वर्टर का स्विच ऑफ करना सुरक्षित माना जाता है.

पैनल पर चढ़कर सफाई करने से बचें

खेतों में लगे सोलर पैनल अक्सर ऊंचाई पर या ढांचे पर लगाए जाते हैं. कई लोग सीधे पैनल पर चढ़कर सफाई करने लगते हैं, जिससे पैनल टूटने या ढांचे के कमजोर होने का जोखिम बढ़ सकता है. सुरक्षित सफाई के लिए हमेशा नीचे से काम करें या सीढ़ी की मदद लें.

तेज प्रेशर के पानी से बचें

सोलर पैनल की सफाई करते समय मोटर या पाइप से तेज प्रेशर वाला पानी इस्तेमाल करना नुकसानदायक हो सकता है. इससे पैनल की सीलिंग खराब हो सकती है और पानी अंदर घुस सकता है. सुरक्षित सफाई के लिए हमेशा हल्के प्रेशर से पानी डालना चाहिए.

ठंड-कोहरे में खराब नहीं होगा तुलसी का पौधा, हल्दी का उपाय करेगा कमाल, जानें तरीका

सर्दियों में तुलसी के पौधे की देखभाल चुनौतीपूर्ण होती है. ज्यादा नमी और कम धूप से पौधे की पत्तियां पीली पड़ जाती हैं और फंगस लग जाता है. हल्दी एक प्राकृतिक एंटीसेप्टिक और एंटीफंगल है, जो तुलसी के पौधे को फंगस से बचाता है और उसे मजबूत बनाता है. आइए जानते हैं हल्दी के उपाय से कैसे तुलसी के पौधे को हरा-भरा रखा जा सकता है.

तुलसी का पौधा सिर्फ पूजा के लिए नहीं, बल्कि आयुर्वेद में भी एक औषधीय दवा के तौर पर उपयोगी माना जाता है. लगभग हर भारतीय घर में तुलसी का पौधा लगाया जाता है. घने कोहरे और ठंड के मौसम में तुलसी के पौधे की देखभाल करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण होता है. ज्यादा नमी, कम धूप और ठंडी हवा की वजह से तुलसी के पौधे की पत्तियां पीली पड़ जाती हैं, उन पर फंगस लग जाता है और पौधा मुरझाने लगता है. ऐसे में हल्दी का एक घरेलू नुस्खा तुलसी के पौधे को नया जीवन दे सकता है. हल्दी प्राकृतिक तरीके से फंगस को रोकती है और पौधे को मजबूत बनाती है.

कोहरे में तुलसी को नुकसान क्यों होता है?

कोहरे की वजह से हवा में बहुत नमी रहती है. यह नमी मिट्टी में ज्यादा देर तक रहती है, जिससे जड़ें सड़ सकती हैं. धूप कम मिलने से पौधा ठीक से खाना नहीं बना पाता.साथ ही फंगस लगने से पत्तियों पर सफेद-काले धब्बे पड़ जाते हैं और तना कमजोर हो जाता है.

तुलसी के लिए हल्दी फायदेमंद कैसे है?

हल्दी को प्राकृतिक एंटीसेप्टिक और एंटीफंगल माना जाता है. हल्दी में करक्यूमिन नाम का तत्व होता है जो प्राकृतिक रूप से बैक्टीरिया और फंगस को मारता है. इससे पौधे की बीमारियों से लड़ने की ताकत बढ़ती है.

हल्दी का सही इस्तेमाल कैसे करें?

तुलसी के लिए हल्दी का प्रयोग बहुत सरल है लेकिन मात्रा का ध्यान रखना जरूरी है. एक गिलास गुनगुने पानी में एक चुटकी हल्दी मिलाएं. इस पानी को अच्छे से घोल लें ताकि हल्दी नीचे न बैठे. हफ्ते में एक बार इस पानी को तुलसी की जड़ में धीरे-धीरे डालें. ध्यान रखें कि मिट्टी पहले से बहुत ज्यादा गीली न हो. अगर आप चाहें तो सूखी हल्दी का पाउडर भी सीधे इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए एक चुटकी हल्दी पाउडर मिट्टी के ऊपर छिड़कें. फिर हल्के हाथ से मिट्टी को खुरच कर मिला दें.

इनमें से कोई भी तरीका नियमित अपनाने से 10-15 दिनों में आपको फर्क दिखने लगेगा. पत्तियां फिर से हरी और चमकदार हो जाएंगी. साथ ही नई पत्तियां भी आएंगी और पौधा मजबूत हो जाएगा.

कुछ और जरूरी टिप्स

तुलसी को ऐसी जगह रखें जहां सुबह की धूप कम से कम 2-3 घंटे मिले.

ज्यादा पानी न डालें. मिट्टी सूखने पर ही पानी दें.

बहुत ठंडी हवा या पाले से बचाने के लिए रात में पौधे को किसी कपड़े से ढक दें.

पीली या खराब पत्तियों को समय पर तोड़कर हटा दें.

इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगे तो सर्दियों में भी तुलसी का पौधा हरा-भरा रहेगा.

दूध के लिए पालें गाय की ये 5 देसी नस्ल, पशुपालकों को मिलेगा बढ़िया मुनाफा

गाय की सही नस्ल का पालन करने से पशुपालकों को कई तरह के फायदे मिलते हैं. सही नस्ल न केवल बेहतर और पौष्टिक दूध उत्पादन करती है, बल्कि किसानों को अधिक मुनाफा कमाने में भी मदद करती है. पशुपालक अपनी जरूरत के अनुसार बेस्ट नस्ल चुन सकते हैं. आइए जानते हैं भारत की 5 खास देसी गायों की नस्लों के बारे में, जिनका पालन करके आपको लाभ मिल सकता है.

भारत में गायों की कई देसी नस्लें पाई जाती हैं, जिनकी अपनी-अपनी विशेषताएं होती हैं. पशुपालक अपनी जरूरत और क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुसार इन नस्लों का पालन कर सकते हैं और इनसे भरपूर लाभ कमा सकते हैं. सही नस्ल की गाय चयन न केवल दूध उत्पादन बढ़ाने में मदद करता है, बल्कि पशुपालक को आर्थिक रूप से मजबूत भी बना सकता है. पशुपालक गाय की खास नस्लों की जानकारी रखकर उनका पालन करें, तो उन्हें बेहतर गुणवत्ता वाला दूध, अधिक मात्रा में उत्पादन, और लंबे समय तक फायदे मिल सकते हैं. पशुपालन और डेयरी विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म

मालवी गाय

भारत की एक स्वदेशी नस्ल है, जिसका नाम इसके मूल क्षेत्र मालवा (मध्य प्रदेश) से जुड़ा है. यह खास गाय मजबूत शरीर और उचित दूध उत्पादन जैसी खूबियों के कारण भारतीय पशुपालन में अपनी खास पहचान रखती है.

थारपारकर गाय

थारपारकर गाय भारत की एक प्रमुख देसी नस्ल है, जिसका मूल क्षेत्र राजस्थान का थर मरुस्थल माना जाता है. यह नस्ल कठोर जलवायु में भी आसानी से ढल जाती है और अपनी मजबूत रोग-प्रतिरोधक क्षमता के लिए प्रसिद्ध है. इस गाय का रंग सफेद से हल्का स्लेटी होता है. यह न केवल उच्च गुणवत्ता वाला दूध देती है बल्कि कृषि कार्यों में भी उपयोगी साबित हो सकती है. थारपारकर गाय संतुलित देखभाल और सही पोषण मिलने पर पर्याप्त मात्रा में बेहतर दूध देती है. इससे पशुपालकों की आय बढ़ने में मदद मिलती है.

गिर गाय

गिर गाय भारत की सबसे मशहूर देसी दुग्ध नस्लों में से एक है. इसका मूल क्षेत्र गुजरात के गिर जंगल और आसपास का इलाका माना जाता है. यह नस्ल खास तौर पर ज्यादा दूध देने के लिए जानी जाती है और लंबे समय से भारतीय खेती और पशुपालन में अहम भूमिका निभाती रही है. गिर गाय का शरीर मजबूत होता है और इसका रंग लाल-भूरा होता है. यह गाय कम चारे में भी अच्छा दूध देने की क्षमता रखती है.यह गाय एक दिन में लगभग 50 लीटर तक दूध दे सकती है.

देओनी गाय

देओनी गाय, भारत की एक मजबूत देसी नस्ल है. यह मुख्य रूप से महाराष्ट्र में पाई जाती है. ये नस्ल कम देखभाल में भी अच्छा दूध उत्पादन करती है और अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता के लिए जानी जाती है. देओनी गाय का दूध पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो आपके परिवार की सेहत को बेहतर बना सकता है और साथ ही किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद करता है. छोटे और मध्यम स्तर के किसानों के लिए यह नस्ल भरोसेमंद और लाभकारी साबित हो सकती है. यह गाय सालाना लगभग 1500 लीटर तक दूध उत्पादन कर सकती है.

साहीवाल गाय

साहीवाल गाय भारत की मशहूर देसी नस्लों में से एक है. इस गाय का रंग लाल-भूरा से गहरे भूरा होता है. यह नस्ल ज्यादा दूध देने के लिए जानी जाती है।साहीवाल गाय गर्म मौसम को आसानी से सह लेती है. इस गाय में परजीवियों से लड़ने की क्षमता होती है. इसका स्वभाव भी शांत माना जाता है. इसलिए इसे पालना आसान बन सकता है. यह गाय पशुपालकों के लिए बेहतर मानी जाती है.

ईरान की उथल-पुथल एवं अमेरिका से टकराव गंभीर चुनौती

ललित गर्ग

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता टकराव केवल द्विपक्षीय तनाव नहीं है, बल्कि इसके दुष्प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ सकते हैं। इस संघर्ष से पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा बढ़ता है, जिसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और तेल की कीमतों पर पड़ सकता है।

ईरान में बार-बार उभरती उथल-पुथल केवल किसी एक घटना, किसी एक फैसले या किसी एक पीढ़ी का आक्रोश नहीं है, बल्कि यह उस ऐतिहासिक, वैचारिक और भू-राजनीतिक संरचना की परिणति है, जिसने 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से इस देश को आकार दिया है। आज जब सड़कों पर विरोध के दृश्य, सोशल मीडिया पर आक्रोश और पश्चिमी विश्लेषकों की ओर से सत्ता परिवर्तन की अटकलें तेज हैं, तब यह समझना जरूरी हो जाता है कि ईरान का संकट साधारण आंतरिक असंतोष नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन से गहराई से जुड़ा हुआ प्रश्न है। ईरान की आंतरिक उथल-पुथल एवं अस्थिरता के साथ-साथ उसका अमेरिका के साथ टकराव युद्ध की स्थितियों एवं वैश्विक असंतुलन का बड़ा कारण बन रहा है।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता टकराव केवल द्विपक्षीय तनाव नहीं है, बल्कि इसके दुष्प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ सकते हैं। इस संघर्ष से पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा बढ़ता है, जिसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और तेल की कीमतों पर पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की अस्थिरता अंतरराष्ट्रीय व्यापार की धमनियों को बाधित कर सकती है, जिससे महंगाई और आर्थिक मंदी का खतरा बढ़ेगा। इसके साथ ही यह टकराव क्षेत्रीय देशों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध में खींच सकता है, जिससे शरणार्थी संकट, आतंकवाद और साम्प्रदायिक तनाव गहराने की आशंका है। महाशक्तियों के परस्पर टकराव की स्थिति में विश्व राजनीति और अधिक ध्रुवीकृत होगी, अंतरराष्ट्रीय सहयोग कमजोर पड़ेगा और शांति की जगह अविश्वास व सैन्य प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनेगा, जिसका खामियाजा अंततः पूरी मानवता को भुगतना पड़ सकता है।

1979 की इस्लामिक क्रांति ने ईरान में केवल शाह मोहम्मद रजा पहलवी को सत्ता से हटाकर एक नई सरकार स्थापित नहीं की थी, बल्कि एक ऐसी वैचारिक-राजनीतिक संरचना रची थी, जिसमें धर्म, राजनीति और सुरक्षा-तंत्र एक-दूसरे में घुलमिल गए। ह्यविलायत-ए-फकीहह्ल की अवधारणा के तहत सर्वोच्च धार्मिक नेतृत्व को अंतिम राजनीतिक अधिकार सौंपा गया। इसी व्यवस्था के संरक्षण और विस्तार के लिए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर यानी आईआरजीसी को खड़ा किया गया, जो समय के साथ केवल सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि आर्थिक, राजनीतिक और वैचारिक ताकत का भी केंद्र बन गया। यही कारण है कि ईरान की व्यवस्था को केवल सरकार या शासन कहकर नहीं समझा जा सकता; यह एक संपूर्ण तंत्र है, जिसे हटाने के लिए केवल विरोध-प्रदर्शन पर्याप्त नहीं होते।

ईरान ने पिछले चार दशकों में कई बड़े जनांदोलन देखे हैं। 2009 का ग्रीन मूवमेंट, 2017-18 की आर्थिक असंतोष की

